सावधान!

यह आपका पवित्र धर्म ग्रन्थ है।

इसमें आप के पूज्य आचार्यों के

आज्ञा वाक्य हैं। इस ग्रन्थ

को विनय-पूर्वक

रखियेगा।

— शास्त्रार्थ —

वर्तमान मे जो शास्त्रार्थ मूर्ति-पूजक दि० जैन समाज के साथ हमारी समाज का चल रहा है। उसमें मूर्ति-पूजक समाज ने जैनमित्र, जैन सन्देश, परवार बन्धु आदि पत्र तथा पुस्तकों, ट्रेक्ट, परचों आदि द्वारा जितने भी लेख हमारे प्रति प्रगट किये हैं व आगे जो प्रगट होंगे उन सब का उत्तर तारणबन्धु या ट्रेक्ट, पुस्तक, परचों द्वारा दिया जा रहा है व दिया जावेगा। तथा दि० जैन मूर्ति-पूजा विषय पर उसकी अनावश्यकता को सिद्ध करने वाला साहित्य शीघ्र ही वायुवेगसे प्रकाश में आनेवाला है। हमारे प्रत्येक ग्रन्थ व पुस्तक पर पाठक गण अपनी अमूल्य सम्मतियां प्रदान करते रहे ताकि उन सम्मतियों को प्रकाशित करके आपकी गुणग्राहकता का परिचय जनता को मिलता रहे।

* सूचना *

श्री कुन्दकुन्द स्वामी तथा तारण स्वामी ने जो तारणपंथ (मोक्षमार्ग) का एकसा समर्थन किया है यह बात उनके ग्रन्थों से ही पूरी तरह जानी जा सकती है। यहां पर तो हम सिर्फ अनावश्यक मूर्ति-पूजा जो दि० जैन समाज में प्रचलित है, मात्र इस एक ही विषय को इस पुस्तक में आचार्यों द्वारा जो अनावश्यकता बताई गई है उसे लिखेंगे। क्योंकि इस समय तारण समाज और मूर्ति-पूजक दि० जैन समाज में " अनावश्यक दि० जैन मूर्ति-पूजा " विषय पर लिखित-शास्त्रार्थ चल रहा है ऐसे मौके पर यह पुस्तक पाठकों को उक्त विषय का निर्णय कराने में बहुत सहायक होगी ऐसी आशा है। प्रत्येक पाठक से निवेदन है कि इस पुस्तक को पूरा पढ़ कर अपनी शुभ सम्मति भेज कर शीघ्र अनुगृहीत करें जिससे हम दूसरे भाग में उन शुभ सम्मतियों को भी प्रकाशित कर सकें।

चंपालाल

प्रस्तावना

हिंसा-रहिओ धम्मो, अट्ठारसदोस-विरहियो देवो।
निग्गंथे पावयणे, सद्दहणे होइ सम्मत्तं॥

अर्थात्—जिस धर्म में हिंसा नहीं है वही धर्म है, जो अठारह दोषों से मुक्त हो गया है वही देव है और मात्र निर्ग्रंथ प्रवचन में श्रद्धान करना ही सम्यक्त्व है।

प्रिय पाठक वृन्द !

आज यह पुस्तक आपके कर कमलों में है। यद्यपि पूरी पुस्तक ही प्रस्तावना रूप है किन्तु इसकी प्रस्तावना लिखने के लिये लेखक ने आग्रह किया है अतः आवश्यक है कि पुस्तक के सम्बन्ध में कुछ वाक्य लिख कर विज्ञ जनता के सामने रख दिये जाय। यह नियम है कि "कारण के बिना कार्य की उत्पत्ति नहीं होती" अतएव प्रस्तुत पुस्तक के लिखने में भी कुछ कारण अवश्य हैं।

यह कहने की आवश्यकता नहीं मालूम होती कि जैन धर्म भारत का एक पवित्र प्राचीन धर्म है जो स्याद्वाद, अनेकान्तवाद आदि नामों से संसार में प्रसिद्ध है- परन्तु स्वार्थियों ने अपना मतलब हल करने के हेतु इसके पवित्र धर्म ग्रन्थों में कुछ ऐसी मिलावट कर दी है कि जिनसे इस पवित्र धर्म के महान आचार्यों द्वारा रचित शास्त्रों के कलेवर दूषित हो गये हैं और फिर उन शास्त्रों के आधार पर भोली जनता आचरण क्रिया आदि करने लग गई है। जब शास्त्रों में स्वार्थियों द्वारा दोषों का समावेश कर दिया गया है तो उन शास्त्रों के आदेश अनुकरण करने वालों की क्रिया दोष रहित होगी ऐसा हो नहीं सकता। संसार में समाज के व्यक्तियों के आचरण क्रिया आदि से ही लोग उनके धर्म का पता लगाते हैं यही कारण है कि हमारे अनुचित एवं दूषित श्रद्धानादि द्वारा अन्य लोगों ने "जैन धर्म दूषित है" ऐसा समझ लिया है। वास्तव में इन लोगों ने जैन धर्म को यथार्थ नहीं जाना है। कोई इसे मिथ्यामत कहते हैं, कोई इसकी फिलोसफी को गलत बताते हैं, कोई कहता है

कि जैन मत ईश्वर नहीं मानता, कोई कहता है कि यह तो नास्तिक मत है, बहुत से लोग कहते हैं कि ये लोग नग्न मूर्तियां पूजते शर्म नहीं खाते और कोई तो यहां तक कहते हैं कि—

"हस्तिना पीड्यमानेऽपि न गच्छेज्जिनमंदिरम् ।

अर्थात्—हाथी के पैर के नीचे दब जाना अच्छा है पर जैनियों के मन्दिर में नहीं जाना चाहिये । इत्यादि आक्षेप आज दूसरी ओर से आते हैं और हमारे भाइयों को शर्मिंदा करते हैं । इन सब का कारण जैसा कि हम ऊपर बता आये हैं साहित्य में दोषों का समावेश हो जाना है जिन पर कि हमने "बाबा-वाक्यं प्रमाणं" की नीति पर श्रद्धा रखते हुये कभी दृष्टिपात तक न किया और अंध-परंपरा द्वारा चले आये हुये साहित्य को न समझ सके जिसका कटुफल आज हमारे आपके समक्ष है।

जैन समाज को नैतिक एवं धार्मिक पतन की ओर ले जाने वाला एक कारण मूर्ति-पूजा सरीखे जड़वाद को अपनाना भी है। प्राचीन आचार्यों ने इसे अपनाने का कहीं भी आदेश नहीं दिया है।

जैनमार्ग में दो नय बताये गये हैं (१) निश्चय नय, (२) व्यवहार नय। वस्तु के असली अंश को ग्रहण करने वाले ज्ञान को निश्चय नय कहते हैं अर्थात् (जैसे का तैसा कहना) और यथार्थ वस्तु से सम्बन्धित दूसरी वस्तु के जानने वाले ज्ञान को व्यवहारनय कहते हैं। जैसे जिस बर्तन में जल भरा हो उसे जल का घड़ा कहना व्यवहार-नय है। किन्तु हमारे मूर्ति-पूजक भाई इस व्यवहारनय की आड़ में निश्चयनय का घात कर देते हैं। इस व्यवहारनय से जैसे घड़े में जल होने से जल का सम्बन्ध घड़ा बताता है जो कि ठीक है। किन्तु इसी तरह पाषाण की एक कल्पित मूर्ति बनाकर उसे अर्हन्त मान लेना कहां तक ठीक है ? इस ज्ञान को व्यवहारनय से भी उचित कहना ठीक नहीं हैं।

इसी तरह जैन धर्म में चार निक्षेप बताये हैं नाम, स्थापना, द्रव्य, और भाव।

हमारे बन्धु स्थापना निक्षेप के अनुसार अपनी मूर्ति-पूजा दुरुस्त कहकर भी उसकी उपादेयता सिद्ध करने की कोशिश करते हैं जो कि मात्र कोशिश ही है।

नाम निक्षेप–जिस पदार्थ में जो गुण नहीं है उसको उस नाम से कहना। जैसे किसी ने अपने पुत्र का नाम पृथ्वीपति सिंह रखा यद्यपि उस बालक में नाम के अनुसार गुण नहीं हैं किन्तु उसे उसी नाम से पुकारते हैं। इसको नाम निक्षेप कहते हैं।

स्थापना निक्षेप—किसी वस्तु में किसी वस्तु की कल्पना कर लेने को स्थापना निक्षेप कहते हैं। इसी के अनुसार मूर्ति–पूजा आवश्यक है ऐसा बताया जाता है। किन्तु कल्पना में क्या वास्तविकता मिल सकती है? कभी नहीं। जैसे सतरंज के हाथी घोड़ों को वास्तविक हाथी घोड़ा मान कर उनसे सवारी आदि का कार्य नहीं लिया जा सकता। ठीक इसी प्रकार पाषाण की मूर्ति में अर्हत की कल्पना कर उससे मुक्ति-मार्ग नहीं पूछा जा सकता और न वह कल्पित अर्हत वास्तविक अर्हत ही हो सकते हैं। अतः इस तरह भी मूर्ति के सम्बन्ध में स्थापना निक्षेप का उदाहरण देना अनुपयोगी सिद्ध है।

द्रव्यनिक्षेप—जो आगामी या भूतकाल की बात को वर्तमान में कहे। जैसे सेठ के पुत्र को सेठ कहना।

भाव निक्षेप—वर्तमान पर्याय-संयुक्त वस्तु को भाव निक्षेप कहते हैं। जैसे राज्य करते हुवे पुरुष को रा राजा कहना। इस तरह निक्षेपों का वर्णन आपके साम है पर इनमें मूर्ति-पूजा का विषय लागू नहीं होता।

प्रिय पाठक वृन्द! एक नहीं अनेक शास्त्रीय प्रमाण से यह बात सिद्ध है कि जैन धर्म मूर्ति-पूजक धर्म नहीं जिनेन्द्र ने तो एक मात्र सर्व जीवों का कल्याणक संसार सागर से तारने वाला आध्यात्मिक "तारण पं धर्म का उपदेश किया है। जिसे द्वादशांग रूप में गण ने गुंथन किया है और जिसका श्रीमद्भगवत् कुन्दकुन्द आचार्य, योगीन्द्रदेव, पद्मनंदि, अमृतचंद्र स्वामी, पूज्यपाद स्वामी और समन्तभद्र जैसे सभी आचार्यों ने समर्थन किया है और फिर वही तारणपंथ श्री तारण स्वामी द्वारा चमकाया गया है। इससे सिद्ध है कि तारण पंथ कोई नवीन धर्म नहीं, जिनेन्द्र प्रतिपादित धर्म है।

यह ग्रंथ जो आपके हाथ में है ग्रंथ का प्रथम खं है जिसमें श्रीमद्भगवत् कुन्दकुन्द आचार्य के द्वारा य सिद्ध किया गया है कि जैन धर्म वास्तव में आध्यात्मि

कि जैन मत ईश्वर नहीं मानता, कोई कहता है कि यह तो नास्तिक मत है, बहुत से लोग कहते हैं कि ये लोग नग्न मूर्तियां पूजते शर्म नहीं खाते और कोई तो यहां तक कहते हैं कि—

"हस्तिना पीड्यमानेऽपि न गच्छेज्जिनमंदिरम्।

अर्थात्—हाथी के पैर के नीचे दब जाना अच्छा है पर जैनियों के मन्दिर में नहीं जाना चाहिये। इत्यादि आक्षेप आज दूसरी ओर से आते हैं और हमारे भाइयों को शर्मिंदा करते हैं। इन सब का कारण जैसा कि हम ऊपर बता आये हैं साहित्य में दोषों का समावेश हो जाना है जिन पर कि हमने "बाबा-वाक्यं प्रमाणं" की नीति पर श्रद्धा रखते हुये कभी दृष्टिपात तक न किया और अंध-परंपरा द्वारा चले आये हुये साहित्य को न समझ सके जिसका कटुफल आज हमारे आपके समक्ष है।

जैन समाज को नैतिक एवं धार्मिक पतन की ओर ले जाने वाला एक कारण मूर्ति-पूजा सरीखे जड़वाद को अपनाना भी है। प्राचीन आचार्यों ने इसे अपनाने का कहीं भी आदेश नहीं दिया है।

भाव निक्षेप—वर्तमान पर्याय-संयुक्त वस्तु को भाव निक्षेप कहते हैं। जैसे राज्य करते हुये पुरुष को ही राजा कहना। इस तरह निक्षेपों का वर्णन आपके सामने है पर इनमें मूर्ति-पूजा का विषय लागू नहीं होता।

प्रिय पाठक वृन्द! एक नहीं अनेक शास्त्रीय प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि जैन धर्म मूर्ति-पूजक धर्म नहीं है जिनेन्द्र ने तो एक मात्र सर्व जीवों का कल्याणकारी संसार सागर से तारने वाला आध्यात्मिक "तारण पंथ" धर्म का उपदेश किया है। जिसे द्वादशांग रूप में गणधरों ने गुंथन किया है और जिसका श्रीमद्भगवत् कुन्दकुन्द आचार्य, योगीन्द्रदेव, पद्मनंदि, अमृतचंद्र स्वामी, पूज्यपाद स्वामी और समन्तभद्र जैसे सभी आचार्यों ने समर्थन किया है और फिर वही तारणपंथ श्री तारण स्वामी द्वारा चमकाया गया है। इससे सिद्ध है कि तारण पंथ कोई नवीन धर्म नहीं, जिनेन्द्र प्रतिपादित धर्म है।

यह ग्रंथ जो आपके हाथ में है ग्रंथ का प्रथम खंड है जिसमें श्रीमद्भगवत् कुन्दकुन्द आचार्य के द्वारा यह सिद्ध किया गया है कि जैन धर्म वास्तव में आध्यात्मिक

धर्म है यह जड़वाद का पुजारी नहीं है। इस ग्रंथ में पूज्य आचार्य की कही हुई गाथाएँ ज्यों की त्यों लिख दी गई हैं तथा उनका यथार्थ अर्थ भी लिखा गया है। विज्ञ पाठकों को इससे धर्म की यथार्थता मालूम हो जायगी। श्री कुन्दकुन्द आचार्य जी की इन गाथाओं को तो स्वार्थियों ने यहां तक कर डाला कि उनके भाव भी लोप करने में कसर न रखी और उन गाथाओं के मन-माने अर्थ बताकर जनता में प्रचार किये जाने लगे। ऐसा करना परमपूज्य आचार्य के प्रति क्या धोखा करना नहीं कहा जा सकता ? जबकि उनके पवित्र साहित्य में भी मिलावट करने की प्रथा चल निकली है तो और दूसरे साहित्य को क्या कहा जा सकता है और कहां तक उनके प्रमाण दिये जा सकते हैं।

इस खंड में तो मात्र श्रीमद् कुन्दकुन्द आचार्य द्वारा ही तारणपंथ का समर्थन किया गया है, जो पाठकोंके हाथ में है। अगले अन्य खंडों में भी अन्य दिगम्बर आचार्यों द्वारा सैद्धान्तिक अकाट्य प्रमाणों द्वारा विषय का दिग्दर्शन कराया जावेगा। पाठक धैर्य और गंभीरता पूर्वक विचार

करें ताकि वस्तु-स्वरूप का यथार्थ निर्णय प्राप्त हो जावे।

यह बात हम डंके की चोट से कह सकते हैं कि जैन धर्म मूर्ति-पूजक धर्म नहीं है और जिन धर्मावलम्बियों के मत में मूर्ति- पूजा मूल में नहीं है। किन्तु जो महानुभाव इससे विपरीत अपनी इच्छानुसार चलेंगे अथवा अंधपरंपरा पर विश्वास करेंगे तो वे एक तो स्वयं घोर अंधकार में पड़ेंगे तथा अपने साथियों को भी उसी ओर ले जायंगे इस में संदेह ही क्या है।

प्रोफेसर मैक्समूलर साहब ने भी लिखा है कि यह बात हम दृढ़ता पूर्वक कह सकते हैं कि भारतवर्ष तत्वज्ञान सम्बन्धी विचारों की एक बड़ी भारी असामान्य पूंजी थी जो भाषा की तरह किसी खास मनुष्य की नहीं थी और जिसका प्रत्येक विचारशील मनुष्य वायु की तरह श्वास लेता था। केवल इसी बिनापर यह कहा जा सकता है कि हमको भारतवर्ष के करीब २ सब न्याय दर्शनों में ऐसे ख्यालात मिलते हैं जिनको सब तत्व जानने वाले अंगीकार करते मालूम होते हैं और किसी एक खास पुरुष से सम्बन्ध नहीं रखते।

संसार के सब महापुरुषों ने अपने जीवनमें अध्यात्म-वाद को ही स्थान दिया है, उन्होंने न्याय की तराजू पर अध्यात्मवाद के पलड़े को ही वजनदार पाया है और अपने अनुयायियों को भी उसी के अनुसार चलने का आदेश दिया है।

महामंत्र णमोकार मंत्र में भी पांच परमेष्ठियों को ही नमस्कार किया गया है। यदि पाषाण मूर्ति भी नमस्कार योग्य होती तो इस मंत्र के पांच नमस्कार के साथ यह छठा नमस्कार भी जुड़ा होता। जब मंत्रमें संसार के सर्व साधुओं को नमस्कार किया गया है और आजकल के साधु लोग जब मूर्ति को नमस्कार करते हैं तब क्या कारण है कि उक्त मंत्र में मूर्ति को नमस्कार करने का एक वाक्य न जोड़ा गया ? इससे भी सिद्ध है कि वर्तमान मूर्ति-पूजा और मूर्ति-नमस्कार कल्पित क्रिया है।

श्रावक की त्रेपन क्रिया और षट्कर्म में भी कहीं आचार्यों ने " मूर्ति-पूजा " क्रिया या कर्म का विवेचन नहीं किया है। ग्यारह प्रतिमा (ग्यारह पड़िमा) में भी कोई मूर्ति-पूजा प्रतिमा नहीं है इत्यादि सभी बातों का

प्रस्तुत ग्रंथ में विस्तार सहित विवेचन किया गया है।

मूर्ति के साथ कई लीलाएं खेली जाती हैं जैसे पंच कल्याणकों का करना, आह्वान, विसर्जन, स्थापना, सन्निधिकरण आदि जो कि जैनागम के विल्कुल प्रतिकूल हैं। उन मुक्तात्माओं को जो कि कभी मोक्ष से वापिस हो ही नहीं सकते उनको संसार में बुलाना और उनके साथ मनमानी क्रीड़ा करना क्या उनके प्रति हंसी करना नहीं है? इन सब बातों का निराकरण इस पुस्तक में खूब खुलासा किया गया है।

जैन समाज इस समय भिन्न २ प्रकार की कल्पित पद्धतियों को अपना कर अपनी प्राचीन संस्कृतिसे विमुख होता जा रहा है इस परिस्थिति का सब महानुभावों को सच्चे हृदय से विचार करना चाहिये और यदि वास्तव में वे अपने को कल्पित मार्ग की ओर जाता हुआ पाते हों तो क्षण भर के लिये वहीं रुक कर हृदय से ही सच्चे मार्ग का पता पूछें, अवश्य मिल जायगा। और इतने पर भी वे [illegible] वश गलत मार्ग से हटकर इच्छित स्थान के पाने की कोशिश न करेंगे तो वह एक महान भूल पर

श्री १०८ श्रीमत्तारणतरण मंडलाचार्य महाराज
का संक्षिप्त

—: परिचय :—

तीर्थङ्करों के इस तारणपंथ का पुनरुद्धार करने वाले पूज्य महात्मा तारणतरण स्वामी विक्रम की सोलहवीं शताब्दी के प्रारंभ काल में (सं० १५०५) श्री गढ़ाशाह जी के यहां पुष्पानगरी में अवतरित हुये। स्वामी जी की माता 'वीर श्री' थी। आप बाल्यकाल से ही अत्यंत प्रतिभाशाली थे। तथा आपका क्षयोपशम भी तीव्र था। आप श्री गढ़ाशाह जी के साथ सेमरखेड़ी ग्राम में भी निवास कर चुके हैं ऐसा वहां के प्राचीन स्मारकों से पता चलता है। तथा इसी सेमरखेड़ी के वन में आप का दीक्षास्थान भी है जहां पर कि अभी विशाल मंदिर जी (चैत्यालय जी) शोभायमान है। श्री तारणस्वामी जी महाराज का समाधिस्थान श्री निसई जी (मल्हारगढ़)

रियासत ग्वालियर में वेतवा के तट पर वन में बड़ी सुहावनी जगह पर है, जहां पर आज एक विशाल भवन लाखों रुपया लगा कर तारण समाज ने निर्मापित कर दिया है।

श्री स्वामी जी महाराज वालब्रह्मचारी थे, इन्होंने अपने तप तेज बल द्वारा आध्यात्मिक जीवन में चौदह ग्रन्थरत्न बनाये जिनमें अध्यात्मवाद का अत्यत सरलता पूर्वक उपदेश दिया है। आपके साहित्य में सिवाय अध्यात्मवाद के और दूसरी दिखाऊ क्रियाएं तथा मूर्ति-पूजा सरीखे व्यर्थाडम्बर को लेश मात्र भी स्थान नहीं देया गया है बल्कि अपने तारणपंथ सम्प्रदाय से ही ऐसी अनावश्यक बातों को बहुत दूर रखा है।

स्वामी जी ने अपने ग्रन्थों में कहीं भी अपना जीवन चरित्र नहीं दिया है, न कहीं प्राप्त ही हुआ है। हो सकता है कि ऐसे मुमुक्षु तथा विशाल हृदय महात्मा ने प्रतिष्ठा कीर्ति आदि से बचकर ही अपना व दूसरों का कल्याण करने में ही कर्तव्य-पालन समझ कर ऐसा किया हो इसी लिये उन्हों ने अपना परिचय कहीं भी नहीं दिया है।

हां, यदि उनके जीवन चरित्र की वास्तविक झलक देखनी हो तो उनके पवित्र साहित्य को देखकर ही उनकी आध्यात्मिकता का पता लगा सकते हैं।

फिर भी विद्वेषियों ने उनका काल्पित जीवन चरित्र बना कर समय २ पर झूठी किंवदन्तियों द्वारा उनके सम्प्रदाय पर अत्याचार-पूर्ण आक्रमण किये तथा अभी भी इसी प्रकार मिथ्या प्रचार करके अपनी कुटिल नीति को उपयोग में ला रहे हैं। हम पाठकों से निवेदन कर देना चाहते हैं कि तारण समाज द्वारा ऐतिहासिक व प्रामाणिक खोज-पूर्ण स्वामी जी का जीवन चरित्र जबतक प्रगट न हो जावे तब तक धैर्य रखें। तथा इन परवारबन्धु व जैन हितैषी, जैनमित्र, जैन-संदेश आदि पत्रों में प्रकाशित कपोल-कल्पित जीवन-चरित्रों पर बिलकुल विश्वास न करें। क्योंकि ये सब द्वेषपूर्ण वातावरण द्वारा तारण समाज को बदनाम करने की गरज से ही षड्यन्त्र किये जा रहे हैं।

सम्वत १५७२ में स्वामी श्री तारणतरण महाराज की समाधि श्री निसई जी में हुई थी।

श्री गुरु तारण स्वामी जी के
आध्यात्मिक साहित्य के विषय में
मूर्ति-पूजक, दि० जैन समाज के प्रतिष्ठित विद्वान् जैन-
धर्म भूषण धर्म दिवाकर ब्रह्मचारी शीतलप्रसाद
जी साहब के अपूर्व

हार्दिक-उद्गार

इस ज्ञान समुच्चय सार ग्रन्थ में निश्चयनय की या अध्यात्मज्ञान की मुख्यता लिये हुये बहुत सा उपयोगी जानने लायक कथन है। जो प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों प्रकार के चारित्र के साधक, धर्मात्माओं के लिये उपयोगी है। श्रावकाचार का उल्था करने के पीछे उक्त त्यागी की आत्मभक्ति और सिद्धान्तज्ञान देख कर मेरे यह भाव हुये कि मैं इनके दूसरे ग्रन्थों का भी उल्था करके जगत के कल्याण के हेतु प्रकाश कराऊं। जितन

जितना मैं ग्रन्थ का उल्था करता हुआ आगे बढ़ता जाता था उतना २ मेरा प्रेम ग्रन्थ कर्ता (तारण स्वामी) से बढ़ता जाता था।

श्री जिन तारणतरण स्वामी के गुणों में अनुराग ने ही मेरे भावों में ऐसी शक्ति उत्पन्न की जिससे मैं उक्त स्वामी जी के भाव को समझ कर भाषा में भावार्थ लिख सका। इसमें मेरा कोई कृत्य नहीं है, यह परम विद्वान् उक्त स्वामी जी का ही प्रताप है।

ता० २५-६-३३ (ज्ञान समुच्चय सार)

ममलपाहुड़ के कर्ता श्री जिन तारणतरण स्वामी बड़े भारी जैन सिद्धान्त के ज्ञाता और अध्यात्म रस के प्रेमी महात्मा इस मध्य प्रान्त में हो गये हैं। यह अच्छे ज्ञान योग के पंडित आत्म-रसिक थे ऐसा स्वामी जी द्वारा रचित ग्रन्थों से झलकता है इस ममल पाहुड़ ग्रन्थ में अध्यात्म रस से पूर्ण अनेक चाल (छंद) को लिये हुये भजन हैं, जिनको गाने और अर्थ समझने से मन इकदम अध्यात्म-रस में मगन हो जाता है। गंभीर और सूक्ष्म आत्मानुभव की छटा पद २ पर झलक रही है। इस ग्रन्थ का उल्था बहुत कठिन कार्य था परन्तु श्री

श्री गुरु तारण स्वामी जी के
आध्यात्मिक साहित्य के विषय में
मूर्ति-पूजक दि० जैन समाज के प्रतिष्ठित विद्वान् जैन-
धर्म भूषण धर्म दिवाकर ब्रह्मचारी शीतलप्रसाद
जी साहब के अपूर्व

हार्दिक-उद्गार

इस ज्ञान समुच्चय सार ग्रन्थ में निश्चयनय की या अध्यात्मज्ञान की मुख्यता लिये हुये बहुत सा उपयोगी जानने लायक कथन है। जो प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों प्रकार के चारित्र के साधक, धर्मात्माओं के लिये उपयोगी है। श्रावकाचार का उल्था करने के पीछे उक्त त्यागी की आत्मभक्ति और सिद्धान्तज्ञान देख कर मेरे यह भाव हुये कि मैं इनके दूसरे ग्रन्थों का भी उल्था करके जगत के कल्याण के हेतु प्रकाश कराऊं। जितना

जितना मैं ग्रन्थ का उल्था करता हुआ आगे बढ़ता जाता था उतना २ मेरा प्रेम ग्रन्थ कर्ता (तारण स्वामी) से बढ़ता जाता था।

श्री जिन तारणतरण स्वामी के गुणों में अनुराग ने ही मेरे भावों में ऐसी शक्ति उत्पन्न की जिससे मैं उक्त स्वामी जी के भाव को समझ कर भाषा में भावार्थ लिख सका। इसमें मेरा कोई कृत्य नहीं है, यह परम विद्वान् उक्त स्वामी जी का ही प्रताप है।

ता० २५-९-३३ (ज्ञान समुच्चय सार)

ममलपाहुड़ के कर्ता श्री जिन तारणतरण स्वामी बड़े भारी जैन सिद्धान्त के ज्ञाता और अध्यात्म रस के प्रेमी महात्मा इस मध्य प्रान्त में हो गये हैं। यह अच्छे ज्ञान योग के पंडित आत्म-रसिक थे ऐसा स्वामी जी द्वारा रचित ग्रन्थों से झलकता है इस ममल पाहुड़ ग्रन्थ में अध्यात्म रस से पूर्ण अनेक चाल (छंद) को लिये हुये भजन हैं, जिनको गाने और अर्थ समझने से मन इकदम अध्यात्म-रस में मगन हो जाता है। गंभीर और सूक्ष्म आत्मानुभव की छटा पद २ पर झलक रही है। इस ग्रन्थ का उल्था बहुत कठिन कार्य था परन्तु श्री

जिनेन्द्र के चरण प्रताप से व श्री स्वामी तारणतरण जी के स्मरण से यथाशक्ति अर्थ को ठीक समझ कर उसका भावार्थ खोला गया है।

ता० २६-६-३५ (ममलपाहुड़ प्र० भा०)

"उल्था करते हुये जितना २ मैं अधिक २ विचार करता था उतना २ अधिक मुझे इस बात का विश्वास होता जाता था कि श्री तारण स्वामी जैन सिद्धान्त के मर्मी थे जैन शास्त्रों के व्यवहार तथा निश्चय नय से जानने वाले थे। अध्यात्म के पूर्ण विशारद थे। सूक्ष्म भावों के पहिचानने वाले थे। सदाचारी थे और पूर्ण जिनवाणी की परम्परा के सच्चे भक्त थे। और श्री जिन-वाणी के अनुसार ही लिखना अपना धर्म समझते थे। तथा आत्मध्यान व समताभाव के अच्छे अभ्यासी थे। उनके आत्मीक गुणों में मेरी भक्ति इतनी हो गई है कि मैं मन वचन काय से उनकी परोक्ष वंदना करता हूं। तथा यह बड़े भारी उपदेश-दाता थे इन्हीं के उपदेश से हजारों लाखों मानवों ने यथार्थ अध्यात्मज्ञान का लाभ लिया था।

ता० ३-६-३४ (उपदेश शुद्धसार)

" इस में कोई सन्देह नहीं है कि यह दि० जैन आम्नाय के अनुसार मुख्यता से जैन ग्रन्थों के ज्ञाता थे। व अध्यात्म की गाढ़ रुचि रखते थे"।

" मुझे श्री तारणतरण स्वामी रचित अध्यात्म साहित्य को सूक्ष्मदृष्टि से मनन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ऐसे आध्यात्मिक ग्रन्थों की टीका करने से मेरी शक्ति और मेरे समय का बहुत ही अच्छा उपयोग हुआ। मेरी भावना है कि तारणतरण समाज के नरनारी व सर्व दिगम्बर जैनी व अन्य सर्व श्वेताम्बर जैनी व सब वैराग्य-प्रेमी जन समूह तारण स्वामी के वाक्यों को पढ़ें। और विचार करें। ये वाक्य मोक्षद्वीप पहुंचाने के लिये वास्तव में तारण हैं या जहाज हैं।

१३-१०-३६ (ममल पाहुड़ दूसरा भा०)

नोट—और भी श्री तारण स्वामी जी के अन्य ग्रन्थों की टीका करते हुये श्री ब्र० शीतलप्रसाद जी ने जो अपने उद्गार उन ग्रन्थों की भूमिका आदि में प्रगट किये हैं, हम उन्हें तारणपंथ समर्थन के दूसरे भागमें प्रगट करेंगे।

भयदीय—चंपालाल जैन

* वन्दे श्रीगुरुतारणम् *

श्रीमद्भगवत्कुन्दकुन्दादि आचार्यों द्वारा

तारणपंथ-समर्थन

मोक्षमार्ग का प्रारम्भ होता है सम्यग्दर्शन से, तथा वह सम्यग्दर्शन आत्मा की निजी वस्तु है। सम्यग्दर्शन निश्चय तथा व्यवहाररूप से दो भेद वाला है, निश्चय सम्यग्दर्शन तो बिलकुल आत्मा के निकट की, या आत्मा की ही वस्तु है, किन्तु व्यवहार सम्यग्दर्शन भी आत्मा की ओर ही पहुंचाने वाला मार्ग है; अर्थात् इस व्यवहार सम्यग्दर्शन का लक्ष्य विन्दु भी केवल "आत्मा" ही है।

व्यवहार सम्यग्दर्शन वाला भी वस्तु का "तत्त्वार्थश्रद्धानं०" के अनुसार ज्यों का त्यों श्रद्धान करता है। "मूर्ति में जिनेन्द्र व जिनेन्द्र को मूर्ति में" इस प्रकार का औंधा-सीधा श्रद्धान उस व्यावहारिक सम्यग्दृष्टि से लाखों कोस दूर भागता है। वह तो जो वस्तु जिस रूप है, उसको उसी रूप देखता तथा जानता है। इस प्रकार यह सम्यग्दर्शन व्यवहार या निश्चयरूप जिसकी आत्मा में हो जाता है, वही सम्यग्दृष्टि कहलाता है। यह सम्यग्दृष्टि पद ही मोक्षमार्ग का प्रारंभिक सोपान है। सम्यग्दर्शन ही धर्म का मूल है। इसी बात को पूज्य श्री कुन्दकुन्द स्वामी अपने अष्टपाहुड़ के दर्शन पाहुड़ में कहते हैं—

दंसणमूलो धम्मो,
उवइट्ठो जिणवरेहिं सिस्साणं।
तं सोऊण सकण्णे-
दंसणहीणो ण वंदिव्वो ॥२॥

अर्थः—धर्म का मूल सम्यग्दर्शन है, ऐसा जिनेन्द्र

ने अपने शिष्यों के प्रति उपदेश किया है, उस सम्यग्दर्शन को सुनकर भव्य जीव को चाहिये कि सम्यग्दर्शन-हीन को वंदना नहीं करें।

यहां श्री कुन्दकुन्द आचार्य महाराज ने सम्यग्दर्शन हीन को "ण वंदिव्वो" वन्दना नहीं करना चाहिये, ऐसा समझाया है। जब सम्यग्दर्शन से हीन "आत्मा" वंदनीय नहीं है फिर आत्मा-रहित जड़स्वरूप मूर्ति क्या सम्यग्दर्शन युक्त है? यदि मूर्ति सम्यग्दर्शन युक्त नहीं है। तो क्या नमस्कार करने योग्य है? या नमस्कार करते समय उसमें सम्यग्दर्शन आ जाता है। जब कहीं से किसी समय भी सम्यग्दर्शन का मूर्ति में आना या होना सम्भव नहीं है, फिर क्यों व किस प्रयोजन से मूर्ति को नमस्कार किया जावे? हमारे मूर्ति-पूजक दिगम्बर जैन भाई फिर क्यों बिना प्रयोजन की नमस्कार, पूजनादि क्रियाएं मूर्ति के सन्मुख नित्य प्रति किया करते हैं? श्री कुन्दकुन्दआचार्य महाराज की उक्त गाथानुसार हमारे मू० पू० बन्धुओं को मूर्ति-पूजन करना छोड़ देना

चाहिये। सम्यग्दर्शन से हीन चाहे चेतन हो या अचेतन वह सर्वथा अवंदनीय है। अब यहाँ कोई यह कहे कि मूर्ति में सम्यग्दर्शन न हो तो न सही? शायद कोई और दूसरा गुण हो तो भी नमस्कार करना या नहीं? इसके उत्तर में यही कहा जावेगा, कि आत्मा का मुख्य और प्रथम गुण सम्यग्दर्शण जिसमें नहीं है उसमें एक तो दूसरे गुण ही नहीं पाये जा सकते, यदि पाये जा सकते हैं, तो बताइये? जिसकी मूर्ति हो उसी के गुण उसमें पाये जाने चाहिये, तब हम कह सकते हैं कि मूर्ति को अवश्य नमस्कार करना चाहिये? क्या अरहंत की मूर्ति में छयालीस गुण तथा सिद्ध की मूर्ति में आठ गुण पाये जा सकते है? यदि इन मूर्तियों में मूर्तिमानके एक भी गुण नहीं पाये जा सकते, तो फिर क्योंकर उस गुणहीन मूर्ति को पूज्य मानते हैं? जरा कुन्दकुन्द स्वामी की तो सुनिये वे इस विषय में क्या कहते हैं—

णवि देहो वंदिज्जइ—

णवि य कुलो णवि य जाइसंजुत्तो।

को वंदमि गुणहीणो-

णहु रूवणो णेव सावओ होइ ॥२७॥

(दर्शन पाहुड)

अर्थः—देह वंदनीय नहीं है, कुल तथा जाति-संयुक्त भी कोई वंदनीय नहीं है, आचार्य जोर देकर कहते हैं कि गुणहीन कौन वंदनीय है ? अपितु—कोई नहीं। गुण-हीन न मुनि बन सकता है, न श्रावक ही बन सकता है। जब कुन्दकुन्द आचार्य महाराज जैसे धुरंधर व प्रमाणिक आचार्यों की यह आज्ञा है कि कोई भी हो यदि वह गुणहीन है तो वह कदापि वंदनीय नहीं हो सकता। जब गुणहीन "आत्मा" सरीखी चीज भी वंदनीय नहीं हो सकती तब कल्पित मूर्ति जो कि जड़ स्वरूप है कैसे वंदनीय हो सकती है ? अपितु-कदापि नहीं। फिर क्यों इस आज्ञाको उल्लंघन करके मूर्ति-पूजन की जाती है। हमारे मूर्ति-पूजक दिगम्बर जैन भाई या तो मूर्ति में मूर्तिमान के समस्त गुण बतावें, या मूर्ति-पूजा छोड़ दें, अथवा नहीं तो श्री कुन्दकुन्द आचार्य महाराज की उक्त गाथा

को असत्य सिद्ध करें। श्रीमद्भगवत् कुन्दकुन्द आचार्य महाराज अपने मोक्ष पाहुड़ में अज्ञानी तथा ज्ञानी की परिभाषा कितनी स्पष्ट समझा रहे हैं ज़रा हमारे मूर्ति-पूजक भाई इस गाथा को गौर से पढ़ें—

अच्चेयणं पि चेदा-

जो मण्णइ सो हवेइ अण्णाणी।

सो पुण णाणी भणिओ,

जो मण्णइ चेयणे चेदा ॥५८॥

(मोक्षपाहुड़)

अर्थः—अचेतन को जो चेतन मानता है वह अज्ञानी है, तथा ज्ञानी वही है जो चेतनको ही चेतन मानता है।

विचार करने की बात है कि श्री कुन्दकुन्द स्वामी की यह आज्ञा, (ज्ञानी अज्ञानी की परिभाषा) सामने रहते हुए भी जान बूझ कर लोग क्यों भूलते हैं। यह एक दुर्भाग्य की बात है जो हाथ में दीपक रहते कूप में गिर पड़ना। अर्हंत की तथा सिद्ध की मूर्ति जो कि प्रत्यक्ष अचेतन है उसे चेतन मानकर नमस्कार पूजनादि करने

वाला श्री कुन्दकुन्द स्वामी की आज्ञानुसार तो अज्ञानी है, यदि वह अपने मन में अपने को ज्ञानी समझे तो पाप का भागी है। एक तो झूठा अभिमान का पाप दूसरे श्री गुरु की उक्त आज्ञा के लोप का पाप। इस तरह मूर्ति-पूजन में तो सिवाय पापार्जन के कल्याण कुछ भी नहीं मालूम होता है। गुणों के पुजारी का कर्तव्य है कि गुणों के धारक को ही वंदना करे इस पर श्री कुन्दकुन्द स्वामी क्या कहते हैं—

दंसणणाणचरित्ते-
तवविणये णिच्चकाल पसत्था।
एदे दु वंदणीया-
जे गुणवादी गुणधराणं॥२३॥
(दर्शनपाहुड़)

अर्थः—दर्शन ज्ञान चारित्र तथा तप विनय में लवलीन गुणधारी पुरुष ही गुण-वादियों द्वारा वंदनीय है, अन्य नहीं।

अब विचारिये कि प्रतिमा (मूर्ति) जो अचेतन (जड़-

स्वरूप) है, उक्त गुणों में से कितने गुणों में लवलीन हैं, यदि उक्त रत्नत्रयादि गुणों में से एक भी गुण उस में नहीं है तब वह कैसे व क्योंकर वंदनीय हो सकती है?

यदि इतने पर भी कोई ऐसी मूर्ति को माने; नमन, पूजन आदि क्रियाएं उसके समक्ष करे तो यह उसकी बुद्धिमानी नहीं है।

और भी श्री कुन्दकुन्द आचार्य महाराज दर्शन-पाहुड़ के अंत में स्थावर प्रतिमा का स्वरूप कहते हैं—

विहरदि जाव जिणिंदो-
सहसट्ठसुलक्खणेहिं संजुत्तो।
चउतीस अइसयजुदो-
सा पड़िमा थावरा भणिया ॥३५॥
(दर्शनपाहुड़)

अर्थः—एक हजार आठ लक्षणों सहित चौंतीस अतिशय युक्त समवशरण के द्वारा विहार करते हुए साक्षात् जिनेन्द्र ही "स्थावर प्रतिमा" हैं। गुणों ने स्थायी निवास जिनमें कर लिया है, इस लिये स्थावर

कहा जाता है।

श्री कुन्दकुन्द स्वामी यह स्थावर प्रतिमा का स्वरूप जिस प्रकार कह रहे हैं, निश्चय पूर्वक इसी प्रकार की साचात् केवलज्ञानमयी (स्थायी गुण-युक्त) "जिनेन्द्र की मूर्ति ही पूज्य हो सकती है" अन्य जड़ स्वरूप स्थावर मूर्तियां पूज्य नहीं हो सकती हैं। आगे जंगम प्रतिमा का भी स्वरूप सुन लीजिए—

सपरा जंगमदेहा-
दंसणणाणेण सुद्धचरणाणं।
णिग्गंथ वीयराया-
जिणमग्गे एरिसा पड़िमा ॥१०॥
(बोध पाहुड़)

अर्थः—अपनी उत्कृष्ट जंगम देह जो कि दर्शन ज्ञान तथा शुद्ध चारित्र-युक्त और निर्ग्रन्थ वीतरागता युक्त हो वही जिनमार्ग में ऐसी प्रतिमा कही जाती है। स्थावर तथा जंगम प्रतिमा के गुण ऊपर दो गाथाओं में कहे गये हैं। अब पाठक वृन्द! उक्त स्थावर तथा जंगम इन

दोनों के गुणों को पाषाण मूर्ति में घटाकर देखिये और निर्णय कीजिये कि उक्त गुणों में से कितने गुण पाषाण मूर्ति में मिलते हैं। यदि स्थावर प्रतिमा के एक हजार आठ लक्षण, चोंतीस अतिशय आदि उसमें नहीं हैं, तो वह पाषाण-मूर्ति कदापि पूज्य नहीं है। तथा जिसमें जंगम प्रतिमा के गुण सम्यग्दर्शनादि तथा निर्ग्रंथ वीतरागता आदि गुण भी नहीं वह पाषाण मूर्ति जिनेन्द्र के मार्ग में पूज्य हो ही नहीं सकती। आगे और भी वन्दनीय प्रतिमा का स्वरूप श्री कुन्दकुन्द स्वामी कहते हैं—

जं चरदि सुद्धचरणं—
जाणइ पिच्छेइ सुद्धसम्मत्तं।
सा होइ वंदणीया—
णिग्गंथा संजदा पडिमा ॥११॥
(बोध पाहुड़)

अर्थः—जो शुद्ध चारित्र का आचरण करे तथा सम्यग्ज्ञान के द्वारा जाने व शुद्ध सम्यक्त्व के द्वारा निज पर की पहिचान रखे वह वंदनीय निर्ग्रन्थ संयतों की

(तीर्थङ्करों व मुनियों की साक्षात्) प्रतिमा ही पूज्य है।

प्रिय पाठक वृन्द! पाषाण मूर्तिमें उक्त शुद्ध चारित्र आदि का पालन करना घटावें कि इन चारित्र आदि आत्मीय गुणों को वह पाषाण की निर्जीव मूर्ति कैसे पालन कर के पूज्य बन सकती है? श्री कुन्दकुन्द स्वामी की आज्ञानुसार तो वह कदापि पूज्य नहीं है क्योंकि उक्त अचेतन मूर्ति में आत्मीय गुणों का पाया जाना आकाश के फूल की तरह बिलकुल ही असम्भव है। और भी निश्चल प्रतिमा का स्वरूप सुनिये।

निरुवममचलमखोहा—
निम्मिविया जंगमेण रूवेण।
सिद्धट्ठाणम्मि ठिया—
वोसरपडिमा धुवा सिद्धा ॥१२॥
(बोधपाहुड़)

अर्थः—निरुपम अचल अक्षोभ निश्चलनिर्मापित सिद्ध स्थान (मोक्ष) में स्थित, ध्रुव ऐसी यह व्युत्सर्ग-सिद्ध प्रतिमा जानना चाहिये। आगे और भी जिन-बिम्ब का

स्वरूप सुन लीजिये—

जिणविम्बं णाणमयं-
संयमसुद्धं सुवीयरायं च।
जं देइ दिक्खसिक्खा-
कम्मक्खयकारणे सुद्धा ॥१६॥
(बोध पाहुड़)

अर्थः—ज्ञानमय, संयम से शुद्ध, सुवीतराग, दीक्षा शिक्षा-दायक, तथा कर्मों के क्षय का कारण व शुद्ध स्वरूप जो हो सो जिनबिम्ब है। अब जिनबिम्ब के भी उक्त समस्त ज्ञानादि गुणों को पाषाण मूर्ति के बिम्ब में मिलान कर देखिये। और कुन्दकुन्द स्वामी के उक्त वाक्यों को अपनी हृदय कसौटी पर कस लीजिये, तथा जिनेन्द्र को साक्षी करके उनके सिद्धान्तानुसार विचारिये कि क्या यह पाषाण प्रतिमा कभी पूज्य हो सकती है? आगे और भी नमन पूजन, विनय वात्सल्य करने योग्य प्रतिमा का निरूपण करते हैं।

तस्स य करह पणामं-

सव्वं पुज्जं च विणयवच्छल्लं।

जस्स य दंसणणाणं–

अत्थि धुवं चेयणा भावो ॥१७॥

(बोधपाहुड़)

अर्थ –उसे ही प्रणाम करो, उसकी ही सब तरह पूजा करो विनय तथा वात्सल्य भी उसी का करो, जिस के पास दर्शन ज्ञान तथा ध्रुव (अविनाशी) चेतना के भावों का सद्भाव हो इस प्रकार यहां तक की समस्त गाथाओं में श्री स्वामी कुन्दकुन्द आचार्य महाराज कितना स्पष्ट करते आ रहे हैं, कि एक "नासमझ" आदमी भी उनकी इस सरल समझायस को सहज में हृदयंगम कर सकता है। अब हमारे विज्ञ पाठक वृन्द, अष्ट पाहुड़ ग्रंथ (श्री कुन्दकुन्द स्वामी विरचित) को अपने सामने रख लेवें और ऊपर जितनी गाथायें हम लिख आये हैं। उनका अक्षरशः मिलान करते हुए, शब्दार्थों में कुन्दकुन्दाचार्य की आज्ञा का पता लगावें कि वास्तव में उन्होंने पाषाण मूर्ति-पूजन के इस ढोंग का

कितना भण्डा-फोड़ किया है। और अपनी सर्व शक्तियों द्वारा कितना भ्रम निवारण कर दिया है, कि पाषाण मूर्ति की सिद्धि करने के लिये उक्त गाथाओं के समक्ष कोई चूं भी नहीं कर सकता किन्तु फिर भी स्वार्थियों ने अपने स्वार्थ को पुष्ट करने के लिये, उक्त समस्त गाथाओं के अर्थ को महाविपरीत अनर्थ रूप में गढ़कर कैसा अन्धेर खाता मचाया, कि वास्तविकता का नामो-निशां भी मिटाने की कोशिश से न चूके। परन्तु हमारा आग्रह है कि जिन पाठकों को इन गाथाओं के अर्थ में अभी भी संशय हो, वे अपने परिचित विश्वस्त तथा निष्पक्ष किसी शब्द-शास्त्री विद्वान के पास जाकर इन गाथाओं का अर्थ लगवा लें व कुन्दकुन्द स्वामी के वास्तविक आशय को समझ लें, तो यह बात पूरी तरह सौटंच उतर जावेगी। यदि इतने पर भी कोई अपना एकान्त हठाग्रह न छोड़े तो यह उसके मिथ्यात्व कर्म का प्रबल उदय समझना चाहिये।

बन्धुओ! श्री कुन्दकुन्द स्वामी के एक एक शब्द

में "तारण पंथ" का समर्थन व जड-मूर्ति का निषेध किया गया है। यह बात तो उनके विशाल ग्रन्थराज श्री अष्ट पाहुड़ वगैरह शास्त्रों में विस्तार से देखिये हमने तो यहां बहुत थोड़ी गाथाएं लिखकर विषय को संक्षिप्तमें ही आपके समक्ष रखा है। क्योंकि विद्वानों को संकेत ही काफी होता है।

अब आगे हम गृहस्थ श्रावकों के कर्तव्य जो श्री कुन्दकुन्दाचार्य जी ने बताये हैं उन्हें आपके समक्ष रखते हैं। जिनमें आप देखें, कि कहां पर किस कर्तव्य में पाषाण मूर्ति की पूजा करने की आज्ञा जिनेन्द्र ने दी है।

बन्धुओ! श्री कुन्दकुन्द स्वामी के ग्रन्थों के टीकाकारों ने स्वार्थवश उनकी गाथाओं का खींचतान करके बिलकुल उल्टा अर्थ कर दिया है अत एव आप लोग गाथाओं के वास्तविक अर्थ की ही खोज करके कुन्दकुन्द स्वामी की आज्ञा व आशय को समझें। तथा इनकी टीका टिप्पणी से उसका मिलान कर देखें कि इनके टीकाकारों ने कितनी खींचातानी करके ग्रन्थों की

अविनय व दुर्दशा कर डाली है। उसका फल इनको क्या मिलेगा यह श्री सर्वज्ञ देव ही जान सकते हैं। पाषाण मूर्ति-पूजन करना यह गृहस्थ लोगों के ही कर्तव्यों में बताया जाता है, किन्तु गृहस्थों के कर्तव्य पूरे २ हम आपके सामने रखे देते हैं। उन में आप देखिये कि मूर्ति-पूजा के समावेश होने को जगह कहां है। श्री कुन्दकुन्द आचार्य के सिवाय और भी समस्त जैनाचार्यों ने श्रावकों (गृहस्थों) के कुल कर्तव्य निम्न एक गाथा में ही बता दिये हैं, इनके बाहर श्रावकों के कोई कर्तव्य नहीं हैं। यथा—

दंसणवयसामाइय-
पोसहसचित्तरायभत्ते य।
बंभारंभपरिग्गह-
अणुमणउद्दिट्ठदेसविरदो य ॥२१॥
(चारित्र पाहुड)

अर्थः—दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषध, सचित्त-त्याग, रात्रि-भुक्ति त्याग, ब्रह्मचर्य, आरंभ-त्याग,

परिग्रह-त्याग, अनुमति-त्याग तथा उद्दिष्ट-त्याग, ये ग्यारह कर्तव्य श्रावकों के हैं।

यही देशव्रत नाम का पंचम गुणस्थान है। इन्हीं को ग्यारह प्रतिमा या पड़िमा तथा प्रतिज्ञा कहते हैं। इन ग्यारह प्रतिमाओं में पहली दर्शन प्रतिमा होती है उस में भव्य जीव सम्यग्दर्शन का लाभ करके संयम की ओर झुकना प्रारम्भ कर देता है इस पहिली प्रतिमा का पाषाण प्रतिमा के पूजन से कोई सम्बन्ध नहीं है। दूसरी प्रतिमा व्रत प्रतिमा है इसमें सिर्फ श्रावक के बारह व्रतों को ही निरतिचार पालन किया जाने का कर्तव्य होता है। श्रावक के बारह व्रत, पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत, चार शिक्षाव्रत इस प्रकार ये सब मिलकर होते हैं, जिनके नाम व स्वरूपादि सब प्रसिद्ध हैं।

यह दूसरी प्रतिमा ही गृहस्थ श्रावक के मुख्य कर्तव्यों की आदर्श है।

इस प्रतिमा के आगे सामायिकादि प्रतिमाओं में सामायिक प्रोषधादि कर्तव्यों का निरूपण है उनका भी

पापाण मूर्ति से किंचिन्मात्र संबंध नहीं। समन्तभद्रादि आचार्यों ने भी जहां २ अपने ग्रन्थों में इन ग्यारह प्रतिमाओं का निरूपण किया है, वहां किसी भी प्रतिमा के स्वरूप में इस पापाण प्रतिमा की पूजन को जरा भी स्थान नहीं दिया है इस पापाण प्रतिमा का नाम भी नहीं दिया है तो आगे की बातें तो बहुत दूर हैं। इन्हीं ग्यारह प्रतिमाओं में आचार्यों ने जिनेन्द्राज्ञानुसार उत्तम मध्यम तथा जघन्य ऐसे तीन दर्जे श्रावकों के निश्चित कर दिये हैं अर्थात् छठी प्रतिमा तक जघन्य, नौवीं प्रतिमा तक मध्यम, तथा ग्यारहवीं तक उत्तम, इसके बाद मुनिपद है। जब पापाण मूर्ति की पूजन करना श्रावकों के कर्तव्यों में ही मू० पू० के द्वारा बताया जाता है, तो फिर श्रावकों के इन उक्त मुख्य कर्तव्यों में क्यों नहीं बताया गया है। जब कि पंचम गुणस्थान के स्वरूप में आचार्यों ने मात्र ग्यारह प्रतिमाओं के नाम दिये हैं, फिर इस गुणस्थान में ग्यारह प्रतिमा के सिवाय यह बारहवीं (स्पेशल) प्रतिमा श्रावक के कर्तव्य में कहां से

आकर प्रविष्ट हो गई।

दिगम्बर आचार्यों ने ग्यारह प्रतिमाओं के नाम में उक्त प्रकार ही अपने २ ग्रन्थों में श्रावकों के कर्तव्य बताये हैं। उक्त ग्यारह प्रतिमा में किसी प्रतिमा का यह आशय नहीं निकलता कि पाषाणादि प्रतिमा का पूजन भी श्रावक का कर्तव्य है।

यह पाषाण पूजन का पुच्छल्ला तो छद्मस्थ, मोही जीवों ने अपने स्वार्थवश अपनी कषाय-पुष्टि के हेतु श्रावकों के पीछे लगा दिया है। यदि यह पाषाण-पूजा केवली-प्रणीत मार्ग होता तो उक्त ग्यारह प्रतिमाओं में ही किसी भी प्रतिमा के रूप में उसकी गिनती होती किन्तु श्रावकों के चारित्र से इस मूर्ति-पूजन का किंचित भी कोई सम्बन्ध नहीं है। जब कि चारित्र व दर्शन तथा ज्ञान इस रत्नत्रयी से पाषाण मूर्ति का कोई सम्बन्ध नहीं, फिर इस मूर्ति-पूजा को सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र में से क्या नाम देकर स्वीकार किया जा सकता है। मुनि तथा श्रावकों के कर्तव्य के बिलकुल बाहर की चीज यह

मूर्ति-पूजा मानी गई है। इससे मालूम होता है कि यह प्रथा एक लोक-रूढ़ि मात्र है।

जिसको धर्म का रूप देकर भोले जीवों को बहकाया गया है। श्री जिनेन्द्र ने स्वयं इस प्रथा को श्रावक व मुनियों के कर्तव्यों में बिलकुल नहीं गिनाया है।

यह पाषाण मूर्ति की पूजन एक इतनी मामूली लोक-रूढ़ि है कि जैसे आज हम प्रेमवश किसी का फोटो आदि अपने यहां रख लेते हैं। बस, जैसे फोटो वगैरह मोहवश रख लिये जाते हैं। तथा जिसका फोटो होता है वह कभी नहीं कहता, या कह सकता, कि मेरा फोटो तुम अपने घर में लगा लो। ठीक इसी तरह मोहियों ने मोहवश जिनेन्द्र की मूर्ति रख ली है।

किन्तु जिनेन्द्र ने ऐसा नहीं कहा है कि तुम मेरी मूर्ति रखकर पूजना, जिससे तुम्हें मोक्ष होगा। जब जिनेन्द्र ने ही अपनी दिव्य-ध्वनि द्वारा मूर्ति-पूजा को नहीं कहा है, फिर हम लोक-रूढ़ि मात्र को धर्म का रूप देकर पूजना यह कैसा जिनेन्द्र शासन? जिनेन्द्र के

रत्नत्रय स्वरूप मोक्षमार्ग को छोड़कर अपनी मन-गढ़न्त बातों को ही धर्म रूप से मोहियों ने स्वार्थ वश चलाकर जिनधर्म का व जैन जाति का इतना ह्रास कर दिया है। भगवान कुन्दकुन्द आचार्य महाराज ने अपने साहित्य में अनावश्यक दि० जैन मूर्ति-पूजा के विषय को इतना स्पष्ट कर दिया है कि शंका व कुतर्क आदि के लिये बिलकुल जगह नहीं। पाषाण मूर्ति के लिये मूर्ति-पूजक लोग जो चैत्य-आयतन, जिन प्रतिमा, जिनबिम्ब आदि कह कर अपनी मूर्ति-पूजा की सिद्धि करते हैं उस पर भी श्री कुन्दकुन्दाचार्य क्या निर्णय देते हैं जरा सुनिये।

प्रतिमा तथा जिनबिम्ब का स्वरूप हम पहले लिख आये हैं। यहां चैत्य और आयतन क्या है। श्री कुन्दकुन्द आचार्य के शब्दों में ही लिखते हैं—

मणवयणकायदव्वा—
आसत्ता जस्स इंदिया विसया।
आयदणं जिणमग्गे—
णिद्दिट्ठं संजयं रूवं ॥५॥
(बोध पाहुड)

मय, राय, दोस, मोहो-

कोहो, लोहो य जस्स आयत्ता।

पंचमहव्वय धारा-

आयदणं महरिसी भणियं ॥६॥

(बोध पाहुड़)

अर्थः—मन वचन काय द्रव्य तथा इन्द्रियों के विषयों को जिन्होंने जीत लिया है। और मद, राग, दोष, मोह, क्रोध, लोभ आदि को जिन्होंने नष्ट करके पंच महाव्रतों को धारण किया हो ऐसे महर्षि मुनिराज ही इस जैनमार्ग में आयतन हैं।

आगे चैत्यगृह का स्वरूप सुनिये—

बुद्धं जं बोहन्तो-

अप्पाणं चेइयाइं अण्णं च।

पंचमहव्वय-सुद्धं-

णाणमयं जाण चेदिहरं ॥८॥

(बोध पाहुड)

अर्थः—जो स्वयं को सावधान रखता हुआ अन्य

जीवों को प्रतिबोधित करे और शुद्ध पंच महाव्रतों को धारण करे वह ज्ञानमय चैत्यगृह जानना चाहिये।

यहां पर आयतन और चैत्यगृह इन दोनों के जितने लक्षण बताए हैं उन में एक भी लक्षण पाषाण की मूर्ति में नहीं घटता।

अत एव इस कथन से श्री कुन्दकुन्दाचार्य ने दि० जैन मूर्ति-पूजा को अनावश्यक सिद्ध किया है।

आगे जिन मुद्रा का कथन श्री गुरु कुन्दकुन्द-आचार्य महाराज कहते हैं—

तववयगुणेहि सुद्धो-
जाणदि पिच्छेइ सुद्धसम्मत्तं।
अरहंतमुद्द एसा-
दायारी दिक्ख सिक्खा य ॥१८॥

अर्थः—तप, व्रत, गुण से शुद्ध जो शुद्ध सम्यक्त्व को जाने व पहिचाने ऐसी अरहंत मुद्रा है। जो दीक्षा तथा शिक्षा-दायक हो सकती है। इस कथन से पाषाण मूर्ति में जिन-मुद्रा की कल्पना का विरोध हो चुका,

मय, राय, दोस, मोहो-

कोहो, लोहो य जस्स आयत्ता ।

पंचमहव्वय धारा-

आयदणं महरिसी भणियं ॥६॥

(बोध पाहुड़)

अर्थः—मन वचन काय द्रव्य तथा इन्द्रियों के विषयों को जिन्होंने जीत लिया है। और मद, राग, दोष, मोह, क्रोध, लोभ आदि को जिन्होंने नष्ट करके पंच महाव्रतों को धारण किया हो ऐसे महर्षि मुनिराज ही इस जैनमार्ग में आयतन हैं।

आगे चैत्यगृह का स्वरूप सुनिये—

बुद्धं जं बोहन्तो-

अप्पाणं चेइयाइं अण्णं च ।

पंचमहव्वय-सुद्धं-

णाणमयं जाण चेदिहरं ॥८॥

(बोध पाहुड)

अर्थः—जो स्वयं को सावधान रखता हुआ अन्य

जीवों को प्रतिबोधित करे और शुद्ध पंच महाव्रतों को धारण करे वह ज्ञानमय चैत्यगृह जानना चाहिये।

यहां पर आयतन और चैत्यगृह इन दोनों के जितने लक्षण बताए हैं उन में एक भी लक्षण पाषाण की मूर्ति में नहीं घटता।

अत एव इस कथन से श्री कुन्दकुन्दाचार्य ने दि० जैन मूर्ति-पूजा को अनावश्यक सिद्ध किया है।

आगे जिन मुद्रा का कथन श्री गुरु कुन्दकुन्द-आचार्य महाराज कहते हैं—

तवव्वयगुणेहि सुद्धो-
जाणदि विच्छेइ सुद्धसम्मत्तं।
अरहंतमुद् एसा-
दायारी दिक्ख सिक्खा य ॥१८॥

अर्थः—तप, व्रत, गुण से शुद्ध जो शुद्ध सम्यक्त्व को जाने व पहिचाने ऐसी अरहंत मुद्रा है। जो दीक्षा तथा शिक्षा-दायक हो सकती है। इस कथन से पाषाण मूर्ति में जिन-मुद्रा की कल्पना का विरोध हो चुका,

क्योंकि उस में तप, व्रत, सम्यक्त्व, आदि का सर्वथा अभाव है जिसमें तप आदि गुण हों वह अरहंत-मुद्रा दीक्षा शिक्षा की दायक होवे। पाषाण आदि की मूर्ति जड़ स्वरूप होने से उक्त गुणों से रहित है, वह जिनमुद्रा नहीं हो सकती है, आगे जिन-मुद्रा के भेद भी कुन्दकुन्द स्वामी के शब्दों में सुन लें।

दढ़संजममुद्दाए-

इंदियमुद्दा कसाय दढ़-मुद्दा।

मुद्दा इह णाणाए-

जिणमुद्दा एरिसा भणिया ॥१६॥

(बोध पाहुड)

अर्थः—दृढ़ संयम मुद्रा, इन्द्रिय मुद्रा, कषाय दृढ़ मुद्रा ये जिन शासन में ज्ञान स्वरूप जिन-मुद्रा कही गई हैं।

श्री कुन्दकुन्द आचार्य महाराज की इस आज्ञानुसार पाषाण आदि की मूर्ति में उक्त लक्षण न घटने से वह जिनमुद्रा नहीं हो सकती, क्योंकि न तो उस मूर्ति में

दृढ़ संयम है, न वह पांच इन्द्रिय वाली ही है। और वह जड़ स्वरूप होने से न कषायों को जीतने वाली ही कही जा सकती है। जब पाषाण की मूर्ति में कोई भी गुण नहीं पाया जाता, तब वह कैसे जिन-मुद्रा हो सकती है? आगे पाषाण मूर्ति को देव कहने वालों के लिये श्री कुन्दकुन्द स्वामी फटकार लगाते हैं।

सो देवो जो अत्थं-
धम्मं कामं सुदेइ णाणं च।
सो देइ जस्स अत्थि-
दु अत्थो धम्मो य पव्वज्जा ॥२४॥
(बोध पाहुड)

अर्थः—देव वही हो सकता है जो धर्म, अर्थ- काम तथा ज्ञान को देवे किन्तु उक्त वस्तुएं वही देव दे सकता है जिसके पास ये चीज़ें हों और जिसके पास उक्त धर्म अर्थ, काम तथा ज्ञान व प्रव्रज्यादि कुछ भी नहीं है वह दूसरों को क्या दे सकता है? इस गाथा की देव की परिभाषा को सुन कर हमारे मूर्ति-पूजक बन्धु यह बतावें

कि आप की वह पाषाण मूर्ति जिसकी आप नित्य प्रति पूजा करते हैं, आप को उक्त धर्मादि तथा ज्ञानादि गुण देती है क्या ? यदि नहीं, तो श्री कुन्दकुन्द स्वामी की आज्ञा भंग करके आप ऐसी गुण रहित मूर्ति को क्यों मानते हैं। आगे श्री कुन्दकुन्द आचार्य महाराज तीर्थ का स्वरूप बताते हैं।

जं निम्मलं सुधम्मं–
सम्मत्तं संजमं तवं णाणं।
तं तित्थं जिण–मग्गे
हवेइ जदि संति भावेण ॥२७॥
(बोध पाहुड़)

अर्थः—निर्मल सुधर्म, सम्यक्त्व, संयम, तप, ज्ञानादि ही जिन मार्ग में तीर्थ स्वरूप हैं यदि शांति–भाव पूर्वक ये पालन किये जावें। किन्तु आज कल कल्पित तीर्थ तथा मूर्तियों ने इस वास्तविक तीर्थ को नष्ट कर दिया है। जैसे आज संसार में मशीनों के द्वारा सब ही काम होने लगे तथा जिसके फल स्वरूप मनुष्यों ने

अकर्मण्यता धारण कर ली है ठीक उसी प्रकार इन पाषाणों की प्रतिमाओं ने जिनबिम्ब, आयतन, चैत्य-गृह, तीर्थ, पडिमा, आदि सब पर अपना अधिकार करके जीवों को कर्त्तव्य-विमुख कर दिया है। वास्तव में इन मूर्तियों ने जैनधर्म का धार्मिक रूप लेकर जैन सिद्धान्त तथा समाज का कितना ह्रास किया है यह तो प्रत्यक्ष की बात है। इस मूर्ति-पूजा के विषय में पं० वेचरदास जी जैसे धुरंधर विद्वान् अपने "जैन साहित्य मां विकार थवाथी थयेली हानि" या हिंदी में "जैन साहित्य में विकार" नामक ग्रन्थ में क्या लिखते हैं जरा उसका सार भाग ही सुन लीजिए—

"मूर्ति-पूजा आगम विरुद्ध है। इसके लिये तीर्थङ्करों ने सूत्रों में कोई विधान नहीं किया। यह कल्पित पद्धति है।" (लों० शा० म० स०)

यह है पंडित वेचर दास जी की खोज, जो कि मूर्ति-पूजक होते हुए भी उन्होंने सत्य का गला न घोंट कर ज्यों का त्यों उक्त वाक्य कह दिया। इस पर मूर्ति-

पूजकों को विचार करना चाहिये तथा तीर्थङ्करों के सूत्रों से खोज कर उक्त पंडित जी के कथन का विरोध करना चाहिये। जैन सिद्धान्त का और मूर्ति पूजा का परस्पर में बिलकुल ही मेल नहीं बैठता पूर्व पश्चिम जैसी दूरी, कौड़ी मुहर जैसा भेद, आकाश और पाताल जैसा अंतर, इस मूर्ति-पूजा तथा जैन सिद्धान्त में है; जैन सिद्धान्त का जहां से प्रारंभ होता है वहीं से न देख लीजिए। माना कि निश्चय नय में मूर्ति को कोई स्थान नहीं परन्तु व्यवहार नय भी तो इस मूर्ति–पूजा को नहीं अपनाता है। सम्यग्दर्शन का स्वरूप कहते हुए जब "तत्त्वार्थ-श्रद्धानं सम्यग्दर्शनं" कह दिया कि जिसका तात्पर्य यह होता है—"प्रयोजन भूत तत्वों का यथार्थ श्रद्धान करना ही सम्यग्दर्शन है"। अब विचारिये कि आत्मीय-वस्तु श्रद्धान तथा जड़ स्वरूप वस्तु मूर्ति का परस्पर में क्या सम्बन्ध है? प्रयोजन भूत तत्वों के श्रद्धान में मूर्ति का क्या प्रयोजन है? यह है व्यवहार सम्यग्दर्शन में दि० जैन मूर्ति-पूजा की अनावश्यकता। इस पर श्री

कुन्दकुन्द आचार्य महाराज का भी खुलासा सुन लें—

जीवादी सद्दहणं—
सम्मत्तं जिणवरेहिं पण्णत्तं।
ववहारा णिच्छयदो—
अप्पाणं हवइ सम्मत्तं ॥२०॥
(दर्शन पाहुड़)

अर्थ:—जीवादि प्रयोजन भूत तत्वों का श्रद्धान व्यवहार सम्यक्त्व, तथा अपनी आत्मा का ही स्वसंवेदन रूप अनुभव युक्त श्रद्धान निश्चय सम्यग्दर्शन है। हम पहले ही लिख आये हैं कि इस सम्यग्दर्शन में वस्तु का ज्यों का त्यों श्रद्धान करना ही सम्यग्दृष्टि का कर्तव्य होता है जैसे यदि सामने मूर्ति है तो सम्यग्दृष्टि मूर्ति को मूर्ति ही मानेगा। यदि वह सोने की है तो उसे वह सम्यग्दृष्टि हीरा या पाषाण की न कहेगा।

जब मूर्ति को मूर्ति रूप श्रद्धान करने वाला सम्यग्दृष्टि मूर्ति में अरहन्त को नहीं मानता फिर नमस्कार, वंदन, पूजन किसका करे? यदि सम्यग्दृष्टि मात्र मूर्ति

की पूजन करेगा तो इस विना प्रयोजन की क्रिया से उसे क्या लाभ, तथा यदि उसको अरहंत समझ कर वंदन पूजन करेगा तो फिर उसका " ज्यों का त्यों " श्रद्धान कहां रहा उसने तो मूर्ति को अरहंत समझ कर उल्टा ही श्रद्धान कर लिया, अत एव सम्यग्दृष्टि को मूर्ति की पूजा करने की आवश्यकता ही नहीं है यदि सम्यग्दृष्टि कहला कर भी मूर्ति-पूजा करता है तो फिर उसे ज्यों का त्यों यथार्थ श्रद्धान वाले सम्यग्दर्शन की जरूरत नहीं अर्थात् इस तरह की उल्टी सीधी क्रिया करने वालों का साथी सम्यग्दर्शन नहीं किन्तु मिथ्यादर्शन होता है। इस बात से यह सिद्ध हुआ कि मूर्ति-पूजा का सम्यग्दर्शन से कतई कोई सम्बन्ध नहीं है।

जब जैन सिद्धान्त के प्रथम ही व्यवहार तथा निश्चय रूप दोनों तरह के सम्यग्दर्शन में मूर्ति-पूजा को जगह नहीं मिलती, फिर आगे सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्र सरीखे सिद्धान्तों के समक्ष यदि यह मूर्ति-पूजा का ढोंग जाकर खड़ा हो जावे, तो न जाने इसका क्या हाल हो?

वास्तव में अभी तक सम्यग्दर्शन तथा सम्यग्ज्ञानादि की दृष्टि ही मूर्ति-पूजा पर नहीं पड़ी है, यह तो न जाने किसकी छत्र छाया में पनप रही है। जिस दिन इस पर इस सम्यक्-त्रयी का दृष्टिगत होगा उस दिन इस (मूर्ति-पूजा) का नामो-निशां भी न रहेगा। यदि सम्यग्दर्शन का किंचित भी संबंध इस मूर्ति-पूजा से होता तो फिर जिनेन्द्र देव "चारों गतियों में सम्यग्दर्शन होता है" यह कभी न कहते वे तो जहां २ मूर्ति का साधन मिलता, वहीं २ सम्यग्दर्शन होना बतला देते। फिर तो बेचारे नारकियों वा तिर्यञ्चों की बड़ी ही आफत होती, वे बेचारे कहां की जिन-मूर्ति के दर्शन करके सम्यग्दर्शन को पा सकते ? किन्तु जिनेन्द्र का निष्पक्ष-न्याय मूर्ति के पक्ष में तो था नहीं, उन्हें तो वस्तु का स्वरूप समझाना था सो समझा दिया।

अब उसको जो उल्टा समझे सो उल्टा, जो सीधा समझे सो सीधा।

यहां तक तो हुआ श्री कुन्दकुन्द आचार्य महाराज

की पूजन करेगा तो इस बिना प्रयोजन की क्रिया से उसे क्या लाभ, तथा यदि उसको अरहंत समझ कर बंदन पूजन करेगा तो फिर उसका " ज्यों का त्यों " श्रद्धान कहां रहा उसने तो मूर्ति को अरहंत समझ कर उल्टा ही श्रद्धान कर लिया, अत एव सम्यग्दृष्टि को मूर्ति की पूजा करने की आवश्यकता ही नहीं है यदि सम्यग्दृष्टि कहला कर भी मूर्ति-पूजा करता है तो फिर उसे ज्यों का त्यों यथार्थ श्रद्धान वाले सम्यग्दर्शन की जरूरत नहीं अर्थात इस तरह की उल्टी सीधी क्रिया करने वालों का साथी सम्यग्दर्शन नहीं किन्तु मिथ्यादर्शन होता है। इस बात से यह सिद्ध हुआ कि मूर्ति-पूजा का सम्यग्दर्शन से कतई कोई सम्बन्ध नहीं हैं।

जब जैन सिद्धान्त के प्रथम ही व्यवहार तथ निश्चय रूप दोनों तरह के सम्यग्दर्शन में मूर्ति-पूजा को जगह नहीं मिलता, फिर आगे सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारि सरीखे सिद्धान्तों के समच यदि यह मूर्ति-पूजा का ढों जाकर खड़ा हो जावे, तो न जाने इसका क्या हाल हो

वास्तव में अभी तक सम्यग्दर्शन तथा सम्यग्ज्ञानादि की दृष्टि ही मूर्ति-पूजा पर नहीं पड़ी है, यह तो न जाने किसकी छत्र छाया में पनप रही है। जिस दिन इस पर इस सम्यक्-त्रयी का दृष्टिगत होगा उस दिन इस (मूर्ति-पूजा) का नामो-निशां भी न रहेगा। यदि सम्यग्दर्शन का किंचित भी संबंध इस मूर्ति-पूजा से होता तो फिर जिनेन्द्र देव "चारों गतियों में सम्यग्दर्शन होता है" यह कभी न कहते वे तो जहां २ मूर्ति का साधन मिलता, वहीं २ सम्यग्दर्शन होना बतला देते। फिर तो बेचारे नारकियों वा तिर्यञ्चों की बड़ी ही आफत होती, वे बेचारे कहां की जिन-मूर्ति के दर्शन करके सम्यग्दर्शन को पा सकते? किन्तु जिनेन्द्र का निष्पक्ष-न्याय मूर्ति के पक्ष में तो था नहीं, उन्हें तो वस्तु का स्वरूप समझाना था सो समझा दिया।

अब उसको जो उल्टा समझे सो उल्टा, जो सीधा समझे सो सीधा।

यहां तक तो हुआ श्री कुन्दकुन्द आचार्य महाराज

के द्वारा इस तारणपंथ के समर्थन की बात। अन्य जैनाचार्यों के द्वारा जो समर्थन हुआ है उस पर हम इसी ग्रंथ के दूसरे भागों में विचार करेंगे। पाठकों को यहां शंका हो सकती है कि कुन्दकुन्द आचार्य तो पहले हुए तथा तारण पंथ तो तारण स्वामी का चलाया मार्ग है इसका समर्थन पहले से ही श्री कुन्दकुन्द आचार्य महाराज ने कैसे कर दिया ?

इसका समाधान—यह है कि यह तारणपंथ तारण स्वामी की निजी वस्तु नहीं है, यह तो तीर्थङ्करों की बतलाई हुई चीज है। मोक्षमार्ग को ही तारण पंथ कहते हैं, यह कोई मोक्षमार्ग से जुदी वस्तु नहीं है। तथा तारण स्वामी ने यह कोई नया मार्ग नहीं बताया है, उन्होंने तीर्थङ्करों की साक्षी से उन्हीं का मार्ग जीवों को समझाया है। बस, उन्हीं तीर्थङ्करों के तारण पंथ का समर्थन श्री कुन्दकुन्द स्वामी ने किया है। तथा तारण स्वामी ने भी उन्हीं का अनुसरण किया है। अर्थात् तीर्थङ्करों के मोक्षमार्ग (तारणपंथ) का समर्थन उनने

भी किया है।

लोगों की इस भ्रान्ति को दूर करने के लिये कि "तारण स्वामी ने ही पाषाण मूर्ति का खंडन किया है" यह ग्रन्थ पाठकों को भेंट किया गया है। पाठक गण इस ग्रन्थ से समझेंगे कि श्री कुन्दकुन्द आचार्यादि महर्पियों ने इस मूर्ति-पूजा के जडवाद को किस प्रकार जैन सिद्धान्त के प्रतिकूल बताकर वास्तविक तारणपंथ का समर्थन किया है।

जैन सिद्धान्त के अनुसार तो मूर्ति-पूजा सिद्ध हो ही नहीं सकती यह तो निर्विवाद सिद्ध है। क्योंकि पाषाण मूर्ति बेचारी जैन सिद्धान्त से अपना खुद ही कोई तअल्लुक नहीं रखती है। अब मूर्ति-पूजा को जबर्दस्ती सिद्ध करने के लिये जो तैयार होते हैं, और अपनी मन-गढ़न्त युक्तियों से मूर्ति-पूजा जो सिद्ध किया करते हैं, उनकी उन कुतर्कों का भी यहां विचार करना जरूरी है, क्योंकि इस कुतर्क ने ही तो जैन सिद्धान्त को आज नष्ट भ्रष्ट कर दिया है।

१

सब से पहले हमारे दि० जैन मूर्ति-पूजक बन्धु तारण पंथियों के प्रति यह कहते हैं कि—

श्रावक या गृहस्थ को अवलम्बन के द्वारा ही आत्म-कल्याण का रास्ता मिलता है। और मूर्ति का अवलम्बन यह आत्म कल्याण के मार्ग में आजकल मुख्य माना गया है। इस लिये तारण पंथियों के पास कोई अवलम्बन ही नहीं जिससे वे आत्म कल्याण कर सकें।

इसके समाधान में हमारा उन मूर्ति-पूजक 'बन्धुओं के प्रति यह कहना है कि—

प्रत्येक तीर्थङ्कर के समवशरण में श्री जिनेन्द्र प्रभु की दिव्य ध्वनि रूप "जिनवाणी" का ही असंख्य जीवों ने अवलम्बन ग्रहण किया था, व उसके द्वारा अनेकों ने अपना संसार-बन्धन छुड़ाया था इसे आप भी स्वीकार करते हैं जब कि साक्षात् तीर्थङ्करों ने अपनी उपस्थिति में अपनी वाणी का अवलम्बन देकर जीवों को मोक्षमार्ग में लगाया, फिर आज उस सनातन आदर्श

को (जिनवाणी का अवलंबन) छोड़ कर यह मनोनंत तथा कल्पित मूर्ति-पूजा का अवलम्बन ग्रहण करना तीर्थङ्करों की अवज्ञा करना है। आप ही बतावें समवशरण में जिनेन्द्र ने अपनी वाणीके सिवाय और किस अवलंबन के द्वारा मोक्ष मार्ग का निरूपण किया था ? भाई सा०! समवशरण में यदि तीर्थङ्कर की वाणी न खिरती तो जीवों को मोक्षमार्ग का लाभ ही न होता। तथा जब अपना प्रयोजन (मोक्षमार्ग का लाभ) ही सिद्ध न होता, तो तीर्थङ्करों का शरण भी कोई न लेता। महावीर स्वामी की दिव्य-ध्वनि जब तक गणधर न होने के कारण वंद रही थी, उस समय का वर्णन द्वारा शास्त्रों में पढ़िये, कि इन्द्रादि देवों तक में कितनी उथल पुथल मची, और उन्होंने सीमंधर स्वामी के पास जाकर सब कारण जो वाणी न खिरने का था, उसे जाना, और उसका जैसा जो नियोग था, उसे पूरा किया। भला आप बताइये कि साक्षात् केवल ज्ञानी तीर्थङ्करों के सामने रहते हुए भी इन्द्र देव सीमंधर स्वामी के पास क्यों गये ?

तब कहना होगा कि बिना वाणी के केवल-ज्ञानी भी इन्द्र के मनोरथ को पूरा न कर सके। इस लिये वाणी का अवलम्बन संसार के समस्त अवलम्बनों में सर्वोत्कृष्ट प्रथम और यथार्थ अवलंबन है। जब समवशरण तक में वाणी को छोड़कर दूसरी चीज काम नहीं देती तो आज यहां बिना वाणी के काम कैसे चल सकता है? फिर यहां उस वाणी के प्राप्त होते हुए भी दूसरे मूर्ति आदि के अवलम्बन को लेने की क्या आवश्यकता है? और फिर वह कौनसी बात है जो जिनवाणी से भी प्राप्त न होकर मूर्ति से प्राप्त होती है? यदि ऐसा है तो फिर तीर्थङ्करों की वाणी में पूर्ण उपदेश न होकर अधूरा या अपूर्ण कथन ही हुआ, ऐसा मानना पड़ेगा। किन्तु बात ऐसी नहीं है, जिनेन्द्र की वाणी में तो किसी भी प्रकार की कमी या त्रुटि नहीं है। फिर तीर्थङ्करों की वाणी से अपने मनोरथों को पूर्ण न करके अपने द्वारा ही कल्पित मूर्ति से अपने मनोरथ को सिद्ध करना यह तो "अपनी अपनी डफली और अपना २ राग" वाला किस्सा हुआ।

आप मूर्ति के द्वारा जिन २ बातों की पूर्ति होना सिद्ध करते हैं।

उन बातों की पूर्ति जिनवाणी के द्वारा हो सकती है या नहीं? जिनवाणी का जरा नियम पूर्वक अवलम्बन लेकर तो देखिये कि आपकी मनोकामनाएं कितनी जल्दी सिद्ध होती हैं।

आप ऐसे दो आदमी लीजिये जो कुछ नहीं जानते सिर्फ कुछ पढ़ना लिखना ही जिनको मालूम है या न भी हो तो उनको पढा दिया जा सकता है तथा, उन दोनों में से एक के द्वारा दो वर्ष तक मूर्ति की पूजा कराई जावे तथा दूसरे से जिनवाणी के अवलम्बन द्वारा स्वाध्याय कराया जावे तथा दो वर्ष के बाद फिर उन दोनों की परीक्षा ली जावे कि ज्ञानादि गुणों में कौनसा व्यक्ति निपुण हुआ है, तब आप को स्पष्ट मालूम होगा कि जिणवाणी अवलम्बन वाला ही ज्ञानादि गुणों का अधिक विकाश अपने अन्दर कर सका है मूर्ति-पूजन वाला तो उतना ही बता सकेगा जितना वह प्रतिदिन करता था।

अब आप ही बताइये कि इस प्रत्यक्ष-हाथ कंगन को आरसी की क्या जरूरत है ? आप स्वयं ही इस बात की आजमाइश करके देख लीजियेगा।

संसार में बिना प्रयोजनके कोई भी मनुष्य कोई काम नहीं करता, न करना ही चाहिये। जब हमारे सम्पूर्ण मनोरथ जिनवाणी के अवलम्बन से ही सिद्ध हो जाते हैं फिर बिना प्रयोजन के इस मूर्ति-पूजा के अवलम्बन से कौन सा मनोरथ सिद्ध हो सकता है ?

अपितु कोई भी मनोरथ इस अनावश्यक मूर्ति-पूजा से सिद्ध नहीं हो सकता है। इससे सिद्ध हुआ कि मूर्ति-पूजन की क्रिया व मूर्ति का अवलम्बन बिलकुल अनावश्यक व बिना प्रयोजन का है। तथा जिनवाणी का अवलम्बन यथार्थ प्रयोजन भूत तथा अत्यंतावश्यक है, इस लिये मात्र जिनवाणी का ही प्रयोजन भूत अवलम्बन लेने वाले तारणपंथी भाई ही जिनेन्द्र के सच्चे अनुयायी और उपासक हैं।

२

दूसरी कुतर्क हमारे मूर्ति-पूजक समाज की ओर से तारण पंथियों के प्रति यह पेश की जाती है कि जिनवाणी को नमस्कार करना भी मूर्ति-पूजा है। इस लिये तारण समाज भी मूर्ति-पूजक है क्योंकि जिनवाणी अचेतन है और तारण समाज इस जिनवाणी की उपासक है? इस कुतर्क का समाधान यह है कि आप जिस मूर्ति-पूजा को स्वयं करते हैं मालूम होता है अभी उसका ही मतलब आपने स्वयं भी नहीं समझा है यदि आप अपनी मूर्ति-पूजा के तत्व से परिचित हो जाते तो यह कुतर्क आपके मन में ही न उठती। भाई सा० ! आप जिस मूर्ति को मानते हैं उस मूर्ति से जिनवाणी की तुलना नहीं हो सकती। हां ! यदि आप तुलना करना चाहते हैं तो आप की मूर्ति तथा जिनवाणी के कागज़, स्याही, वेष्ठन, आदि से तुलना हो सकती है। और आप सहर्ष इस तुलना को कर सकते हैं। इस बात को हम भी हैं, कि जैसी मूर्ति जड़ है वैसे ही जिनवाणी के

स्याही आदि ये भी सब जड़ ही हैं, और मूर्ति के समान ये भी अवंदनीय हैं किन्तु अब आप सुनिये और फिर बाद में जिनवाणी तथा अपनी मूर्ति की तुलना कीजिये, और निर्णय कीजिये कि जिनवाणी और मूर्ति तथा तारण पंथियों की जिनवाणी उपासना, तथा आपकी मूर्ति-पूजा में कितना कौड़ी मुहर जैसा फर्क है। सबसे प्रथम आप यह बात विचारिये कि जिनवाणी के शब्दों में तीर्थङ्करों के जो भाव " दिव्य ध्वनि " खिरते वक्त भरे थे वे ही इन शब्दों में वर्तमान में भरे हैं या नहीं ? तब आप तो इस बात को सहर्ष स्वीकार कर लेंगे कि बराबर, जिनवाणी के शब्दों में वे ही भाव इस वक्त भी मौजूद हैं। जो भाव तीर्थङ्करों के मुखारविन्दों से वाणी खिरते समय उन शब्दों में भरे थे, या जिन भावों को गणधरों ने द्वादशांग में गूंथ कर उन शब्दों में भरे थे। ठीक वही भाव आज भी इन शास्त्र स्वरूप जिनवाणी के शब्दों में भरे हैं। यदि ये ही भाव न भरे होते, तो आज तीर्थङ्करों का तथा गणधरों का सम्पूर्ण आशय ही

नष्ट हो जाता। बस, तारण-पंथी उस भाव को ही नमस्कार करते हैं, जो भाव उन शब्दों में भरा है। तारण पंथी भाई शास्त्र के कागज तथा वेष्ठन स्याही आदि वस्तुओं को नमस्कार नहीं करते हैं, न पूजा ही करते हैं जैसा कि आप पाषाणमूर्ति के प्रति करते हैं। इस लिये आप " भाववाद " तथा जड़वाद की तुलना अपनी कुतर्कों से करना चाहते हैं, सो कीजिये, परन्तु कुतर्क ही आखिर आपके हाथ रहेगी जिनवाणी से लाभ आप नहीं उठा सकते हैं तथा मूर्ति कोई मनोरथ सिद्ध नहीं कर सकती यह हम पहले ही कह आये हैं। अन्यथा आप सिद्ध करें, (जैसे हम " जिनवाणी के शब्दों में भाव भरे हैं " ऐसा सिद्ध कर चुके हैं) मूर्ति में कौन से भाव भरे हैं ? और आप कौनसे भावों का वंदन पूजन करते हैं और वे भाव कहां के हैं, और किसके हैं ? और किसने मूर्ति में भरे हैं ?

आप यह भी बतावें कि जैसे हमने " दिव्य [illegible] के खिरते वक्त या गणधरों के द्वादशांग गुंथन के वक्त

ज्यों के त्यों भावआज इस वक्त को जिनवाणी के शब्दों में भी भरे हैं" यह सिद्ध कर दिया है। क्या आप सिद्ध कर सकते हैं कि आप के अरहंत की मूर्ति के अन्दर मूर्तिमान अरहंत के जो भाव अरहंतावस्था में थे वे भाव इस वक्त उनकी मूर्ति में भरे हैं ? यदि वे अरहंत के भाव मूर्ति में नहीं भरे हैं तो फिर तो आप पाषाण का ही वंदन पूजन करते हैं। तब तारणपंथियों जैसे आप भाव-वादी नहीं किन्तु जड़वादी हैं। यदि नहीं तो जिन-वाणी के भाव-युक्त शब्दों के समान आप मूर्ति में भी अरहंत के वे क्षायिक भाव सिद्ध करें जो उनमें उस वक्त अरहंतावस्था में थे। हमारे इतने कथन से आप समझ ही गये होंगे कि वास्तव में जिनवाणी के शब्दों का भाव तो वंदनीय है और आपकी पाषाण की मूर्ति में भाव का अभाव अवंदनीय है। अरे भाई ! आप की पूज्य मूर्ति का मूर्तिमान उस मूर्ति में है ही नहीं, आप तो केवल मूर्ति के पाषाण को ही पूजते हैं।

किन्तु हमारे शब्दों की मूर्ति का मूर्तिमान " शब्द

का भाव " तो इस वक्त भी ज्यों का त्यों हमारी जिन–वाणी में विद्यमान है। इस लिये हमारा परम पूज्य वह तीर्थङ्करों, गणधरों आदि का भाव अब भी जिनवाणी के शब्दों में मूर्तिमान होकर विद्यमान है। हम भाव-वादी तारणपंथी तीर्थङ्करों के भी शरीर को वंदन न करके उनके स्वभाव को ही वंदन करते हैं। इस लिये जिनवाणी के शब्द या तीर्थङ्कर के शरीर से हमें कोई प्रयोजन नही है, हमें तो कल्याण-कारी शब्दों से प्रयोजन है, चाहे वह तीर्थङ्कर साक्षात् अपनी दिव्यध्वनि द्वारा प्रदान करे या जिनवाणी के शब्दों के द्वारा मिले। यदि आप की पाषाण मूर्ति उन भावों को जिनवाणी या तीर्थङ्करों के समान प्रदान कर सकती हो, जितना ज्ञान-लाभ जिन–वाणी से होता है उतना ही वह विना जिनवाणी के अवलम्बन लिये दे सकती है, तो वह भी मान्य हो सकती है। यदि पाषाण मूर्ति वास्तव में जिनवाणी के समान विना जिनवाणी के अवलम्बन के ज्ञान लाभ करा है, तो आप कृपा करके किसी मूर्ख आदमी को मूर्ति

समक्ष बैठाकर सम्पूर्ण शास्त्रों का उसके द्वारा ज्ञान करा दें; फिर तो आप की मूर्ति का चमत्कार सारे संसार में इस तरह फैल जावेगा जैसे आज महात्मा गांधी के द्वारा अहिंसा का चमत्कार फैला है, जो कि वाणी के द्वारा ही महात्मा गांधी को प्राप्त हुआ था। तथा वाणी के द्वारा ही वे आज संसार को समझा रहे हैं। यह उनकी भाव-भरी वाणी का ही प्रताप है उनके शरीर का या अहिंसा की कोई मूर्ति आदि का नहीं है जो आज अहिंसा का इतना प्रचार हो गया। इस लिये जिनेन्द्रदेव की वाणी ही मान्य है। और मूर्ति अनावश्यक है।

बन्धुवर्य ! आप विचार कीजिये कि जब जिनवाणी के शब्दों द्वारा हमको अपने निजी भावों की प्राप्ति होगी फिर जिनेन्द्र के प्रति कि जिनकी उस वाणी से हमें वह आत्म-लाभ हुआ है, कितनी श्रद्धा होगी। हम तो स्वयं जिनेन्द्र के भक्त बन जावेंगे। जैसे आज गांधी जी की वाणी से ही उनके करोड़ों भक्त बन गये, वैसे उनके फ़ोटो से कोई एक भी भक्त नहीं बना है। हां आप उ

यह भी कह सकते हैं, कि हम फोटो देखकर उनके भक्त बन गये क्योंकि आप तो मूर्ति या फोटो के ही भक्त हैं। आप को दूसरी चीज (गुणों) की क्या जरुरत है।

एक बात यहां जानने लायक यह भी है कि महात्मा गांधी जी अहिंसा, सत्य, प्रेमादि सिद्धान्तों को अपनी वाणी द्वारा जब भी समझाते हैं, तब अपने मुख से यह नहीं कहते हैं कि ' भाई ! मेरा फोटो अपने घर में लगाकर अहिंसा आदि के सिद्धान्त को समझना, नहीं तो ये अहिंसा, आदि सिद्धान्त (बिना मेरी फोटोके) बिलकुल न समझोगे " अब हमारे मूर्ति-पूजक भाई यह सवाल कर सकते हैं। कि फिर ये गांधी जी के फोटो वगैरह कहां से आये ? तब हम समाधान करेंगे कि यह सब भक्तों के मोह वा प्रेम का फल है, तथा भक्तों के द्वारा ही फोटो या मूर्ति मार्ग का प्रचार हुआ है व होता है, ठीक इसी प्रकार श्री जिनेन्द्र भी अपनी दिव्य ध्वनि द्वारा यह न कहते कि " भाई मेरे मोक्षमार्ग सम्बन्धी सिद्धान्त समझने के लिये मेरी मूर्ति को अपने सामने रख

तब तुम्हें सम्यग्दर्शन आदि समझ में आवेंगे "।

अब कोई पूछ सकता है कि फिर तीर्थङ्करों ने जब अपनी मूर्ति का पूजन अपने मुंह से नहीं उपदेशा, तब ये संसार में इतनी मूर्तियों का प्रचार कैसे हुआ ? इसके लिये वही भक्तों वाली बात ही समाधान करने के लिये काफी है। जैसे गांधी जी के चित्र भक्तों द्वारा प्रचार में आये ठीक इसी तरह यह मूर्ति-पूजा भी जिनेन्द्र के भक्तों द्वारा ही आविष्कार होकर प्रचार में आई है। अब यह कोई पूछे कि अपने पूज्य के प्रति प्रेम करके यह व्यवहार करना बुरा है क्या ?

तब समाधान में सुनिये। पूज्य के प्रति प्रेम का होना तो स्वभाव सिद्ध बात है। तथा यह कोई बुरी बात भी नहीं है। किन्तु प्रेम यदि प्रेम की हद तक ही रहे तो अति उत्तम है। यदि वह प्रेम अपनी सीमा को उल्लंघन करके कोई दूसरा ही भयंकर रूप पकड़ लेवे, तो बड़ा अनिष्ट हो जाता है। जैसे मान लिया जावे कि गांधी जी की स्कीमों को या अहिंसादि के सिद्धान्त को

छोड़कर भारतवर्ष में घर २ लोग उनकी फोटो को पूज कर ही उसकी खूब भक्ति करने लग जावें, तो क्या भारतवर्ष स्वतंत्र हो जावेगा ? कदापि नहीं। यदि ऐसा एक बार हो भी जावे तो गांधी जी भी स्वयं इसका विरोध करेंगे कि भाई स्वराज्य मिलेगा मेरे अहिंसादि को अमल में लाने से; फोटो को ही पूज २ कहीं मेरा सिद्धान्त नष्ट करके अपना व देश का अनिष्ट मत कर लेना।

यह बात तो गांधी जी अभी विद्यमान हैं इस लिये सम्हल सकती है किन्तु प्रभु महावीर-स्वामी, जिनके मोक्ष मार्ग सिद्धान्त के बदले उसके ही स्थान पर भक्तों के द्वारा चलाया हुआ मूर्ति पूजा का ढोंग धर्म का बाना पहिन कर मोक्ष मार्ग का कैसा सत्यानाश कर रहा है जिसे हम भी प्रत्यक्ष देख रहे हैं; यह कैसे सम्हले। श्री तारण स्वामी तथा कुन्दकुन्द आचार्यों ने अपने ग्रन्थों में जगह २ यह समझाया है कि जिनेन्द्र के सिद्धान्तों अमल करना, उनको अपने में उतारना यह

३

चार निक्षेपों में स्थापना भी एक निक्षेप है, इसी से मूर्ति--पूजा की सिद्धि हो जाती है, फिर क्यों तारण पंथी भाई मूर्ति नहीं पूजते ? इस पर समाधान।

चार निक्षेपों में स्थापना निक्षेप जरूर है, और वह संसार में सांसारिक कार्यों में चाहे जितनी सफलता दिलवा कर अपनी दाल गलाता रहे परन्तु मोक्षमार्ग में स्थापना निक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं, न इसका मोक्ष-मार्ग से कोई सम्बन्ध ही है। यदि मोक्ष-मार्ग से किसी निक्षेप का सम्बन्ध है तो वह केवल एक मात्र भाव निक्षेप का है क्योंकि वहां (मोक्षमार्ग) में तो " ॐ को त्यों सरधानो " वाली बात है। इस लिये निक्षेप की खिचड़ी मोक्षमार्ग में नहीं पक सकती है, चाहे जिस चीज में चाहे जैसी स्थापना करके चाहे मनमाना ऊधम मचाया जावे।

कीमती है उतनी जिनेन्द्र की भक्ति आदि भी अपनी कीमत नहीं रखते। यह बात स्वामी कुन्दकुन्द आचार्य के भाव पाहुड़ में शब्द २ के द्वारा खूब समझाई गई है। यह हुआ दूसरी कुतर्क के सिलसिले का जवाब, जिसे पाठकों ने खूब समझ कर स्वयं निर्णय अपने हृदय में किया होगा।

अब अपने मूर्ति-पूजक बन्धुओं के प्रति हम सप्रेम निवेदन करते हैं। कि वस्तु स्वरूप का यथार्थ विचार करके हमारे उक्त विचारों पर वे शीघ्र ही सहमत होकर उनपर अमल करें। जिससे वास्तविक जैनत्व का आदर्श संसार के समक्ष उपस्थित हो। वैसे तो उक्त दो कुतर्कों के समाधान में सैकड़ों कुतर्कों का अकाट्य उत्तर दे दिया गया है। किन्तु फिर आगे कुछ और भी ऐसी कुतर्कें सामने आती हैं कि जिनका उत्तर दे देना हमारा कर्तव्य हो जाता है।

तीसरी कुतर्क हमारे सामने यह पेश की जाती है। कि—

३

चार निक्षेपों में स्थापना भी एक निक्षेप है, इसी से मूर्ति--पूजा की सिद्धि हो जाती है, फिर क्यों तारण पंथी भाई मूर्ति नहीं पूजते ? इस पर समाधान।

चार निक्षेपों में स्थापना निक्षेप जरूर है, और वह संसार में सांसारिक कार्यों में चाहे जितनी सफलता दिलवा कर अपनी दाल गलाता रहे परन्तु मोक्षमार्ग में स्थापना निक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं, न इसका मोक्ष-मार्ग से कोई सम्बन्ध ही है। यदि मोक्ष-मार्ग से किसी निक्षेप का सम्बन्ध है तो वह केवल एक मात्र भाव निक्षेप का है क्योंकि वहां (मोक्षमार्ग) में तो "ज्यों को त्यों सरधानो" वाली बात है। इस लिये स्थापना निक्षेप की खिचड़ी मोक्षमार्ग में नहीं पक सकती है, चाहे जिस चीज में चाहे जैसी स्थापना करके चाहे मनमाना ऊधम मचाया जावे।

अब तीर्थकरों की स्थापना जो मूर्ति आदि में करके भक्त लोग अपने श्री भगवान के प्रति अपनी रस्म अदा करते हैं यह एक सांसारिक रूढ़ि है। इसका मोक्षमार्ग या जैन सिद्धान्त से कतई कोई सम्बन्ध नहीं है। इस लिये जैन सिद्धान्त या मोक्ष-मार्ग के नाम पर मूर्ति-पूजन करना बिलकुल अनावश्यक है। अतएव स्थापना निक्षेप की आड़में भी मूर्ति-पूजन की सिद्धि करना तथा वह भी मोक्ष या "जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय" के लिये तो बिलकुल ही असफल प्रयत्न है। इस स्थापना निक्षेप की कुतर्क के लिये तो इतना ही समाधान काफी है। यदि इतने पर भी और कुतर्कें इस विषय पर आवेंगी उनका समाधान इसी ग्रंथ के अगले भागों में कर दिया जावेगा।

४

अब चौथी कुतर्क आती है कि जैसी फोटो या मूर्ति देखो वैसे ही मनुष्य के भाव हो जाते हैं। इस लिये

शान्त मूर्ति भगवान की छवि के देखने से भी शान्ति-लाभ होता है। इस लिये मूर्ति को पूजन करना ठीक है?

इस कुतर्क पर यह समाधान काफी होगा—जैसे कामिना वेश्या की फोटो के द्वारा काम रूप भाव हो जाते हैं क्या ठीक इसी प्रकार भगवान जी की शान्त मूर्ति को देखने से जैसे भगवान जी शान्त केवल-ज्ञानी हैं उनका वह केवल ज्ञान स्वरूप भाव शांत मूर्ति के देखने वाले को अनुभव हो सकता है? यदि भगवान की मूर्ति को देखकर उनके केवल ज्ञान रूप शांत-भाव का अनुभव वह दर्शनार्थी कर लेता है तो, बड़े हर्ष की बात है कि बिना प्रयास के ही इतने सस्ते में केवल ज्ञान और शान्ति का लाभ होवे किन्तु यदि केवल ज्ञान स्वरूप शांति न मिलकर मात्र क्षणिक शांति का अनुभव हुआ और मन्दिर के बाहर निकलते ही शेरदिल हो गये, फिर यह कैसी शान्ति, और शान्त मुद्रा का
ऐसी क्षणिक शान्ति को चाहने वाले बन्धु
करके भी कुछ समय में उक्त क्षणिक शांति से

अब तीर्थंकरों की स्थापना जो मूर्ति आदि में करके भक्त लोग अपने श्री भगवान के प्रति अपनी रस्म अदा करते हैं यह एक सांसारिक रुढ़ि है। इसका मोक्षमार्ग या जैन सिद्धान्त से कतई कोई सम्बन्ध नहीं है। इस लिये जैन सिद्धान्त या मोक्ष-मार्ग के नाम पर मूर्ति-पूजन करना बिलकुल अनावश्यक है। अतएव स्थापना निक्षेप की आड़में भी मूर्ति-पूजन की सिद्धि करना तथा वह भी मोक्ष या "जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय" के लिये तो बिलकुल ही असफल प्रयत्न है। इस स्थापना निक्षेप की कुतर्क के लिये तो इतना ही समाधान काफी है। यदि इतने पर भी और कुतर्कें इस विषय पर आवेंगी तो उनका समाधान इसी ग्रंथ के अगले भागों में कर दिया जावेगा।

४

अब चौथी कुतर्क आती है कि जैसी फोटो या मूर्ति देखो वैसे ही मनुष्य के भाव हो जाते हैं। इस लिये

शान्त मूर्ति भगवान की छवि के देखने से भी शान्ति-लाभ होता है। इस लिये मूर्ति को पूजन करना ठीक है?

इस कुतर्क पर यह समाधान काफी होगा—जैसे कामिना वेश्या को फोटो के द्वारा काम रूप भाव हो जाते हैं क्या ठीक इसी प्रकार भगवान जी की शान्त मूर्ति को देखने से जैसे भगवान जी शान्त केवल-ज्ञानी हैं उनका वह केवल ज्ञान स्वरूप भाव शांत मूर्ति के देखने वाले को अनुभव हो सकता है? यदि भगवान की मूर्ति को देखकर उनके केवल ज्ञान रूप शांत-भाव का अनुभव वह दर्शनार्थी कर लेता है तो, बड़े हर्ष की बात है कि विना प्रयास के ही इतने सस्ते में केवल ज्ञान और शान्ति का लाभ होवे किन्तु यदि केवल ज्ञान स्वरूप शांति न मिलकर मात्र क्षणिक शांति का अनुभव हुआ और मन्दिर के बाहर निकलते ही शेरदिल हो गये, तो फिर यह कैसी शान्ति, और शान्त मुद्रा का दर्शन? ऐसो क्षणिक शान्ति को चाहने वाले बन्धु एकान्तवास करके भी कुछ समय में उक्त क्षणिक शांति से भी अधिक

लाभ कर सकते हैं। जो वस्तु हमको संसार में ही थोड़े से प्रयत्न द्वारा प्राप्त हो सकती है उसके लिये अपने भगवान को कल्पित बना देना और उनसे वह चीज मांगना कितनी बड़ी गलती है? यही बात वैराग्य के विषय में भी लागू हो सकती है कि जब उल्कापातादि के द्वारा वैराग्य हो सकता है, और उस वैराग्य के कारण यहां पद पद पर उपस्थित हैं फिर सिर्फ वैराग्य प्राप्त करने के लिये मूर्ति का अवलंबन करना कितनी बड़ी भूल की बात है। यदि वह मूर्ति द्वारा हुआ वैराग्य स्थायी हो तब तो बेड़ा पार हो लेकिन जब तक मंदिर में रहे तब तक वैराग्य और मंदिर के बाहर निकलते ही कचहरी दुकान आदि की हाय २ आ गई तो क्या लाभ।

भला बताइये इन क्षणिक शांति और वैराग्य से हस्ति-स्नान जैसी क्रिया कहां तक मनुष्य का कल्याण कर सकती है। इस लिये इससे यह सिद्ध हुआ कि जिस क्षणिक शांति वैराग्य के वास्ते पाषाणादि मूर्ति की शरण ली जाती है, वह शांति बल्कि उससे भी कई गुने

एकान्त-वासादि में जिनवाणी के द्वारा अध्यात्म रसास्वाद युक्त मिल सकती है। अत एव मूर्ति की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती है।

इस लिये पाषाण की दि० जैन मूर्ति अनावश्यक है जब वह मूर्ति ही अनावश्यक है फिर उसकी पूजन को कौन पूछता है। यह हुआ चौथी कुतर्क का अकाट्य समाधान।

५

अब पांचवीं कुतर्क हमारे सामने यह आती है कि बिना नक्शा के हम कुछ समझ ही नहीं सकते इस लिये नक्शा की जरूरत है और मूर्ति एक नक्शा के समान है इस लिये वह पूज्य होनी चाहिये।

अब पाठक जरा इस कुतर्क पर बहुत गौर से विचार करें कि एक विद्यार्थी हिन्दुस्थान के नक्शे में नदी तालाबादि को समझने के लिहाज़ से ही नक्शा देखे तो उसे कोई भी अनुचित नहीं कह सकता, किन्तु यदि वह

एकान्त-वासादि में जिनवाणी के द्वारा अध्यात्म रसास्वाद युक मिल सकती है। अत एव मूर्ति की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती है।

इस लिये पाषाण की दि० जैन मूर्ति अनावश्यक है जब वह मूर्ति ही अनावश्यक है फिर उसकी पूजन को कौन पूछता है। यह हुआ चौथी कुतर्क का अकाट्य समाधान।

५

अब पांचवीं कुतर्क हमारे सामने यह आती है कि विना नक्शा के हम कुछ समझ ही नहीं सकते इस लिये नक्शा की जरूरत है और मूर्ति एक नक्शा के समान है इस लिये वह पूज्य होनी चाहिये।

अब पाठक जरा इस कुतर्क पर बहुत गौर से विचार करें कि एक विद्यार्थी हिन्दुस्थान के नक्शे में नदी तालाबादि को समझने के लिहाज से ही नक्शा देखे तो उसे कोई भी अनुचित नहीं कह सकता, किन्तु यदि वह

विद्यार्थी नक्शे में नदी को समझ लेने पर उसी नक्शे की नदी पर पानी प्राप्त करने के लिये लोटा पटकने लग जावे तो उस विद्यार्थी को देखने वाले सब लोग क्या कहेंगे ? इसी प्रकार मूर्ति को देखकर मोक्ष-मार्ग का नक्शा समझने वाले की उसी मूर्ति के सामने उसको ही मोक्ष की दातार समझकर "मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा" करना क्या उस विद्यार्थी की गल्ती जैसी यह बड़ी भारी भूल नहीं है ? इससे सिद्ध हुआ कि एक तो मोक्षमार्ग का नक्शा ही मूर्ति से नहीं समझा जा सकता जैसा कि हम पहले लिख आये हैं, किन्तु—यदि कोई अपनी भूल से ही मूर्ति को मोक्ष-मार्ग का नक्शा समझ बैठे और भूल पर भूल फिर यह करे कि उसी के समक्ष मोक्ष की याचना करे तो वह कदापि सफल न होगा। जैसे वह विद्यार्थी नक्शेकी नदीसे पानी नहीं ले सकता।

भाई सा० लकड़ी के घोड़े पर बैठकर, उसके भरोसे मुसाफिरी नहीं की जा सकती है। किन्तु यह उपयोग जैसे बच्चों के खेल में ही होता है वैसे ही इस नकल से

असल की प्राप्ति होना असम्भव है।

कंकड़ मिट्टी में गेहूं की कल्पना करके बो देने से कोई असल गेहूं की फसल नहीं काट सकता। इसी प्रकार मूर्ति-पूजा के नकली ढोंग के भरोसे पर कोई अजर अमर पद नहीं पा सकता है। चाहे कितनी ही वा कैसी ही पूजा कर डालो।

६

छठी कुतर्क यह है कि जैसे विद्यार्थी प्रतिदिन अभ्यास करता है। उसी प्रकार मूर्ति–पूजन से प्रतिदिन शांति का अभ्यास किया जाता है इस लिये मूर्ति की पूजन हमेशा आवश्यक है।

इस समाधान में पाठक स्वयं विचारें कि विद्यार्थी प्रतिदिन अभ्यास करता है यह हम मानते हैं, किन्तु उसके साथ यह कभी नहीं मान सकते कि विद्यार्थी शुरू दिन जिस कक्षामें बैठा था जन्म भर उसी एक कक्षा में ही पढ़ता रहता है। बल्कि हम यह कहेंगे कि विद्यार्थी

विद्यार्थी नक्शे में नदी को समझ लेने पर उसी नक्शे की नदी पर पानी प्राप्त करने के लिये लोटा पटकने लग जावे तो उस विद्यार्थी को देखने वाले सब लोग क्या कहेंगे ? इसी प्रकार मूर्ति को देखकर मोक्ष-मार्ग का नक्शा समझने वाले की उसी मूर्ति के सामने उसको ही मोक्ष की दातार समझकर "मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा" करना क्या उस विद्यार्थी की गल्ती जैसी यह बड़ी भारी भूल नहीं है ? इससे सिद्ध हुआ कि एक तो मोक्षमार्ग का नक्शा ही मूर्ति से नहीं समझा जा सकता जैसा कि हम पहले लिख आये हैं, किन्तु—यदि कोई अपनी भूल से ही मूर्ति को मोक्ष-मार्ग का नक्शा समझ बैठे और भूल पर भूल फिर यह करे कि उसी के समक्ष मोक्ष की याचना करे तो वह कदापि सफल न होगा। जैसे वह विद्यार्थी नक्शेकी नदीसे पानी नहीं ले सकता।

भाई सा० लकड़ी के घोड़े पर बैठकर, उसके भरोसे मुसाफिरी नहीं की जा सकती है। किन्तु यह उपयोग जैसे बच्चों के खेल में ही होता है वैसे ही हम नकल में

अमल की प्राप्ति होना असम्भव है।

कंकड़ मिट्टी में गेहूं की कल्पना करके बो देने से कोई असल गेहू की फसल नहीं काट सकता। इसी प्रकार मूर्ति-पूजा के नकली ढोंग के भरोसे पर कोई अजर अमर पद नहीं पा सकता है। चाहे कितनी ही वा कैसी ही पूजा कर डालो।

६

छठी कुतर्क यह है कि जैसे विद्यार्थी प्रतिदिन अभ्यास करता है। उसी प्रकार मूर्ति—पूजन से प्रतिदिन शांति का अभ्यास किया जाता है इस लिये मूर्ति की पूजन हमेशा आवश्यक है।

इस समाधान में पाठक स्वयं विचारें कि विद्यार्थी प्रतिदिन अभ्यास करता है यह हम मानते हैं, किन्तु उसके साथ यह कभी नहीं मान सकते कि विद्यार्थी शुरू दिन जिस कक्षामें बैठा था जन्म भर उसी एक कक्षा में ही पढ़ता रहता है। बल्कि हम यह कहेंगे कि विद्यार्थी

अभ्यास करते हुए कक्षा दर कक्षा आगे बढ़ता है और एक दिन प्रमाण-पत्र लेकर संसार के समक्ष अपनी योग्यता रखकर पुरस्कार पाता है। क्या हमारे पाषाणमूर्ति के पूजक भाई भी विद्यार्थी के समान अभ्यास करते हुए आगे बढ़ते हैं या उसी कक्षा में अपना जीवन का अन्त कर देते हैं? हमारे ख्याल से मुनि पद लेकर भी यह कक्षा मूर्ति पूजकों से नहीं छूटती है फिर गृहस्थावस्था में छूटना तो असंभव बात है। इस लिये इससे सिद्ध हुआ कि एक ऐसी कक्षा कि जिसमें प्रवेश करने पर ऐसा कैद हो जावे कि जिन्दगी भर उससे छुटकारा न हो और सार्टिफिकट न मिले तो, इससे तो उस कक्षा में भरना होना न होना एक सा ही है जिससे आगे ज्ञान की वृद्धि न कर सके। उस कक्षा ने हित तो कुछ भी न किया बल्कि अहित न जाने कितना कर डाला। इस लिये यह मूर्ति पूजा की कैद अनावश्यक है।

७

मानसी कुतर्क आती है कि "हम किसी के भी चेहरे

को देखकर उसके भावों का पता लगा लेते हैं। इसी प्रकार जैसे चेहरा अंतरंग भावों को जान लेने का कारण है, उसी प्रकार मूर्ति भी मूर्तिमान के गुणों को याद कराने का एक कारण होने से पूज्य है। इस कुतर्क का भी समाधान सुन कर पाठक वृन्द निर्णय करें कि यह कुतर्क भी जैन धर्म के कितनी खिलाफ जाती है। श्री उमास्वामी महाराज ने अपने श्री तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ में दूसरे अध्याय के पहले सूत्र में कहा है। कि:—

" औपशमिकक्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य
स्वतत्वमौदयिकपारिणामिकौ च "

अर्थः—औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक (मिश्र) औदयिक तथा पारिणामिक ये जीव के स्वतत्व अर्थात् जीव में ही पाये जाने वाले पांच भाव हैं। अर्थात् यह पांच भाव जीव को छोड़कर किसी अन्य अजीवादि द्रव्यों में नहीं पाये जाते।

अब कुतर्क पर जरा गंभीर विचार करने की बात है कि—किसी मनुष्य को देख कर उसके चेहरे से उसके

तत्कालीन भाव को समझ लेना यह तो ठीक है, क्योंकि यह मनुष्य है (जीव है) और उसके चेहरे से उसके भाव समझ लेना कोई बड़ी बात नहीं किन्तु मूर्ति के चेहरे को देखकर उसके भावों को समझना यह एक ऊटपटांग बात है। जब कि मूर्ति स्वयं अचेतन है उसके अंदर भाव-वाली चीज़ जीवका बिलकुल अभाव है फिर उसके चेहरे को देखकर किसके भावों का पता लगाया जा सकता है ? क्या उक्त पांच भाव अजीवादि द्रव्यों में भी पाये जाते हैं ? यदि पाये जाते है तब तो श्री उमास्वामि जी महाराज के उक्त लिखित सूत्र का " जीवस्य स्वतत्त्वम्" पद झूठा होता है। और यदि उक्त पांच भाव जीव में ही पाये जाते हैं। ऐसा सूत्रानुसार माना जाता है, तो मूर्तिपूजकों का मूर्ति-पूजन अनावश्यक ठहरता है। मूर्ति के अंदर जीव होना और उसके भाव उसके चेहरे से झलकते तो संभव था कि मूर्ति पूज्य हो जाती किन्तु पू० श्री उमास्वामी म० के उक्त फैसले को देख कर अब किसी की यह हिम्मत ही नहीं हो सकेगी कि,

८

आठवीं कुतर्क हमारे सामने आती है (यद्यपि पहले कही गई कुतर्कों के अन्दर ही इसका समावेश हो जाता है किन्तु जबर्दस्ती की बात तो ठहरी) कि—बिना मूर्ति के हम कुछ जान ही नहीं सकते। यदि ऐसी बात है तब तो तीर्थङ्करों की वाणी भी ऐसे अभव्य के इस कुतर्क मयी मिथ्या श्रद्धान को दूर नहीं कर सकती है—

क्योंकि जिनवाणी के रहते हुए यह श्रद्धान कर लेना कि बिना मूर्ति के कुछ नहीं जान सकते, कितना विपरीत मार्ग है।

हम अपने मूर्ति-पूजक बन्धुओं से कहते हैं कि यदि आप मूर्ति में ही सब कुछ जान लेते हैं तब तो जिनेन्द्र ने अपनी वाणी द्वारा उपदेश देकर आप के मतानुसार बड़ा गल्ती की। क्या जरूरत थी जिनवाणी की जब कि मूर्ति में ही जिनवाणी का काम निकल जाता।

लोक व्यवहार की अधार्मिक बातों में मूर्ति-पूजा

फिर मूर्ति के समक्ष आप अपने इस सिद्धान्त को भी भूल कर मोक्ष की याचना क्यों करते हैं। जब मूर्ति-पूजा से पुण्य होता है तो जान बूझ कर फिर गल्ती करना, झूठ मूठ मोक्ष फल प्राप्त करने की बात करना यह कितनी बड़ी भूल है। मूर्ति-पूजा में जहां से वह शुरू होती है वहां से लेकर जहां पर उसका अन्त होता है वहां तक सिवाय असत्य बातें और कल्पना से काम लिये उसकी पूर्ति ही नहीं हो सकती है। या यों कहिये कि बिना असत्य और कल्पना के कल्पित दि० मूर्ति की मान्यता ही नहीं हो सकती। सत्यता की तो वहां आवश्यकता ही नहीं है। यदि इस बात पर किसी को शंका हो तो सिर्फ एक दिन हमारे मूर्ति-पूजक भाईयों के मन्दिर जी में जाकर आप देख सकते हैं। कि जैन सिद्धान्त के मुआफिक वहां की क्रियाएं जायज हैं या नाजायज। जब कि मूर्ति को अरहन्त मानकर आप उसकी पूजन करते हैं, फिर— उनको अरहन्त मानकर नहलाना क्या जैन सिद्धान्त के अनुकूल है?

मूर्ति के समक्ष रहते हुए भी आप जो आह्वान क्रिया करके अपने पूज्य को बुलाते हैं, तिष्ठाते हैं, सन्निधिकरण कराते हैं, क्या यह जायज़ है ? जब मूर्ति आपके सामने है फिर पूजन में आह्वान की क्या जरूरत है ? यदि जरूरत है तो फिर मूर्ति की क्या जरूरत है ? और बिनाआह्वान के मूर्ति अपूज्य है तो फिर विसर्जन के बाद भी आप लोग दर्शनादि क्यों करते हैं ? ऐसी एक नहीं अनेक बातें आप मूर्ति–पूजन में विपरीत क्रिया-युक्त करते हैं। जिनका जैन सिद्धान्त से कोई तआल्लुक नहीं है। इस पुस्तक के इस खंड के अन्त में मूर्ति–पूजन के सम्बन्ध में कुछ शंकाएं मुद्रित हैं पाठक उनसे ही मूर्ति–पूजा का पता लगालें क्योंकि इन शंकाओं का मूर्ति-पूजकों के पास कोई सैद्धान्तिक प्रबल प्रमाण है ही नहीं।

जिन वाणी की उपासना ही वास्तव में जिनेन्द्र की सच्ची पूजा है। इस विषय में आचार्यों ने ग्रन्थों में जगह जगह लिखा है देखिये पं० आशाधर जी अपने ग्रंथ में

क्या लिखते हैं :—

ये यजन्ते श्रुतं भक्त्या, ते यजन्तेऽञ्जसा जिनं।
न किञ्चिदन्तरं प्राहु–राप्ता हि श्रुतदेवयोः॥

अर्थः—जो जिनवाणी की उपासना भक्ति-पूर्वक करते हैं वे निश्चय से जिनेन्द्र की ही पूजा करते हैं। क्योंकि जिनेन्द्र और उनकी वाणी में किंचित् भी अन्तर नहीं है।

परवार-बन्धु के लेख का जवाब

" परवार बन्धु " के दूसरे वर्ष के ९ वें अंक में सम्पादकीय विचार धारा में एक " तारण समाज के भाइयों से " शीर्षक लेख देकर मूर्ति-पूजा के संबंध में कुछ दलीलें पेश की गई हैं। उनके सम्बन्ध में यहां विचार करते हैं—

परवार-बन्धु के सम्पादक महोदय लिखते हैं:- " जैन आगम में स्याद्वाद की कसौटी हर एक विवाद को दूर करने की " सच्ची कसौटी " है। जैनधर्म न तो एकान्त से मूर्ति-पूजा का समर्थक है और न एकान्त से विरोधी " इस पर हम संपादक जी से पूछते हैं कि जब जैन धर्म एकान्त से मूर्ति-पूजा का समर्थक नहीं है फिर आप मूर्ति-पूजकों ने अपनी मूर्ति-पूजा को एकान्त रूप से क्यों अपनाया ? जैन धर्म के अनेकान्त की रक्षा क्यों नहीं की ? संपादक जी की कुछ शंकाओं का समाधान

हम इस पुस्तक के पूर्व के पृष्ठों में स्वयं लिख आये हैं। आशा है संपादक जी उन पर विचार करके अपना मन्तव्य अपने "परवार बन्धु" द्वारा प्रगट करेंगे। हम यहां संपादक जी की नूतन दलीलों पर विचार करेंगे।

आप लिखते हैं—"गृहस्थ जब कि सांसारिक प्रत्येक मूर्तिमान पदार्थ से प्रीति और वैर करता है अर्थात् उसे समता-भाव जागृत नहीं हुआ, इन्द्रियों के लिये मूर्तिमान विषयों की लालसा नहीं घटी, सुन्दर को देखकर रुचि, कुरूप को देखकर अरुचि पैदा होती है। तब वीतराग मूर्ति को देखकर वीतरागता का भाव क्यों नहीं पैदा होगा? और वीतरागता को उत्पन्न करने वाली उस पुनीत मूर्ति के इस उपकार को कौन पुरुष मानने से इन्कार करेगा"।

माननीय संपादक जी! यदि आपने अग्र लेख में शास्त्रीय प्रमाणों से अपनी मूर्ति-पूजा की सिद्धि करनी होती तो संभव है आप स्वयं इस अपनी मूर्ति-पूजा को अन्धा तक समझ लेते किन्तु आप मन-गढ़न्त तर्कों के

आधार पर मूर्ति-पूजा की सिद्धि करना चाहते हैं, यह कैसे होगा ? आप अपनी उक्त दलील में जब यह स्वीकार कर रहे हैं कि—" गृहस्थ को समता-भाव जागृत नहीं हुआ" इस लिये वह संसार के इष्टानिष्ट पदार्थों में रागद्वेष करता है।

संपादक जी साहब ! आप जरा खूब विचार कीजिये कि जिसे समताभाव जागृत नहीं हुआ तो जब उपादान ही दुरुस्त नहीं, फिर मूर्ति का निमित्त उसको कैसे ज़बर्दस्ती वीतरागता का भाव पैदा करा सकता है ? और फिर इतनी ज़बर्दस्त कर्म-कालिमा से लिप्त प्राणी यदि मूर्ति के देखने मात्र से वीतरागता का भाव पैदा कर लेवे, तो फिर इस जिनवाणी के " स्वाध्याय, तप " की भट्ठी में किसको तपाया जावेगा। श्री जिनेन्द्र के वचन-बाण से ही आत्मा में छिपे कर्म शत्रु वेधे जा सकते हैं। यदि ऐसा न होकर मात्र मूर्ति के दर्शन ही रागद्वेषादि कर्म-शत्रुओं को नष्ट कर देने की ताकत रखते तो श्री जिनेन्द्र स्वयं ही मूर्ति का प्रतिपादन करते। जिनवाणी की कोई

हम इस पुस्तक के पूर्व के पृष्ठों में स्वयं लिख आये हैं। आशा है संपादक जी उन पर विचार करके अपना मन्तव्य अपने "परवार बन्धु" द्वारा प्रगट करेंगे। हम यहां संपादक जी की नूतन दलीलों पर विचार करेंगे।

आप लिखते हैं—"गृहस्थ जब कि सांसारिक प्रत्येक मूर्तिमान पदार्थ से प्रीति और द्वेष करता है क्योंकि उसे समता-भाव जागृत नहीं हुआ, इन्द्रियों के लिये मूर्तिमान विषयों की लालसा नहीं घटी, सुन्दर को देखकर रुचि, कुरूप को देखकर अरुचि पैदा होती है। तब वीतराग मूर्ति को देखकर वीतरागता का भाव क्यों नहीं पैदा होगा? और वीतरागता को उत्पन्न करने वाली उस पुनीत मूर्ति के इस उपकार को कौन पुरुष मानने से इन्कार करेगा"।

मान्यवर संपादक जी! यदि अपने अग्र लेख में शास्त्रीय प्रमाणों से अपनी मूर्ति-पूजा की सिद्धि करते होते तो संभव है आप स्वयं इस अपनी मूर्ति-पूजा को अनावश्यक समझ लेते किन्तु आप मन-गढ़न्त दलीलें

आधार पर मूर्ति-पूजा की सिद्धि करना चाहते हैं, यह कैसे होगा ? आप अपनी उक्त दलील में जब यह स्वीकार कर रहे हैं कि—'गृहस्थ को समता-भाव जागृत नहीं हुआ" इस लिये वह संसार के इष्टानिष्ट पदार्थों में रागद्वेष करता है।

संपादक जी साहब ! आप जरा खूब विचार कीजिये कि जिसे समताभाव जागृत नहीं हुआ तो जब उपादान ही दुरूस्त नहीं, फिर मूर्ति का निमित्त उसको कैसे ज़बर्दस्ती वीतरागता का भाव पैदा करा सकता है ? और फिर इतनी ज़बर्दस्त कर्म-कालिमा से लिप्त प्राणी यदि मूर्ति के देखने मात्र से वीतरागता का भाव पैदा कर लेवे, तो फिर इस जिनवाणी के " स्वाध्याय, तप " की भट्टी में किसको तपाया जावेगा। श्री जिनेन्द्र के वचन-बाण से ही आत्मा में छिपे कर्म शत्रु वेधे जा सकते हैं। यदि ऐसा न होकर मात्र मूर्ति के दर्शन ही रागद्वेषादि कर्म-शत्रुओं को नष्ट कर देने की ताकत रखते तो श्री जिनेन्द्र स्वयं ही मूर्ति का प्रतिपादन करते। जिनवाणी की कोई

जरूरत न समझ कर वे इसे, अपनी दिव्य-ध्वनि द्वारा ही न खिराते।

तथा आपने जो लिखा है कि "वीतरागता को उत्पन्न करने वाली उस पुनीत मूर्ति के इस उपकार को कौन पुरुष मानने से इन्कार करेगा ?"

इस पर संपादक जी को विचारना चाहिये कि जब आपके द्वारा सिर्फ आपके लिये वीतरागता को देने वाली मूर्ति पूज्य मानी गई उसके आप कृतज्ञ हैं तब हम आपसे पूछते हैं कि आपके द्वारा तीर्थङ्करों तक को वैराग्य उत्पन्न कराने वाले मेघ पटल, उल्कापात, श्मशान भूमि आदि प्रबल वैराग्य के कारण भी क्यों न पूज्य माने जाकर इनके प्रति कृतज्ञता प्रगट की जावे ?

आगे आप अपनी चौथी दलील पर आप ही विचार कीजिये—

क्या चित्र में बनी हुई गाय दूध दे सकती है? क्या चित्र में बने हुए मानस्तम्भ द्वारा मान गलित हो सकता है ? (यदि हो सकता है तो आप मानस्तम्भ के

चित्रों का इतना प्रचार कीजिये, कि जिससे संसार के समस्त मानियों का मानमर्दन हो जावे।

क्या समवशरण के चित्र में, वास्तविक समवशरण की असलियत और उस आनंद की प्राप्ति हो सकती है? जो श्री महावीर जिनेन्द्र के समवशरण में था? संपादक जी साहब! कोई संतोष के लिये भले ही गुड़ की जलेबी खा लेवे परन्तु वास्तविक जलेबी की तृष्णा उस गुड़ की जलेबी से शान्त नहीं हो सकेगी। इसी प्रकार असल की फसल काटने के लिये चाहे जितने नकल के बीज बो डालो आखिर नकल ही हाथ लगेगी। चने की खेती करने से गेहूं नही मिलेंगे। आप तो विद्वान् हैं "ज्यों को त्यों सरधानो" "याथातथ्यं विना च विपरीतात्" आदि आचार्य वाक्यों को समझिये कि आप का यह नकल का पाठ पढ़ने वाला उक्त सिद्धान्त वाक्यों से कितनी दूर हो जावेगा।

इस लिये आप व्यर्थ में ही नकल को असल सिद्ध करने की परेशानी में क्यों पड़े हैं? इस तरह की खींचा-

जरूरत न समझ कर वे इसे, अपनी दिव्य-ध्वनि द्वारा ही न खिराते।

तथा आपने जो लिखा है कि "वीतरागता को उत्पन्न करने वाली उस पुनीत मूर्ति के इस उपकार को कौन पुरुष मानने से इन्कार करेगा?"

इस पर संपादक जी को विचारना चाहिये कि जब आपके द्वारा सिर्फ आपके लिये वीतरागता को देने वाली मूर्ति पूज्य मानी गई उसके आप कृतज्ञ हैं तब हम आपसे पूछते हैं कि आपके द्वारा तीर्थङ्करों तक को वैराग्य उत्पन्न कराने वाले मेघ पटल, उल्कापात, श्मशान भूमि आदि प्रबल वैराग्य के कारण भी क्यों न पूज्य माने जाकर इनके प्रति कृतज्ञता प्रगट की जावे?

आगे आप अपनी चौथी दलील पर आप ही विचार कीजिये—

क्या चित्र में बनी हुई गाय दूध दे सकती है? क्या चित्र में बने हुए मानस्तम्भ द्वारा मान गलित हो सकता है? (यदि हो सकता है तो आप मानस्तम्भ के

चित्रों का इतना प्रचार कीजिये, कि जिससे संसार के समस्त मानियों का मानमर्दन हो जावे।

